UPHIN/2011/39718

(डिजिटल संस्करण)

बुन्देलखण्ड का सबसे दबंग अखबार



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक
7905027565
9415055318

# दैनिक यंग भारत

निष्पक्ष नज़र निर्भीक खबर

Digital Edition

यंग भारत तेज न्यूज़

सहयोगी प्रकाशन/प्रसारण
दैनिक वास्तविक समाज वाद-लखनऊ
प्रमुख उर्दू दैनिक तामीरे नौ -लखनऊ

वर्ष-14 अंक-202 कीर्ति शेष रामेश्वर दयाल श्रीवास्तव (लम्बरदार) की स्मृति में उरई (जालौन) रविवार 05 जुलाई 2026 youngbharatE-paper.com

## कैंसर के खिलाफ यूपी की बड़ी जंग, योगी सरकार ने तैयार किया 10 साल का रोडमैप; हर मंडल में बनेगा आधुनिक सेंटर



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था को पूरी तरह हाईटेक और समयबद्ध बनाने के लिए एक बड़ा विजन पेश किया है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के हर जिले तक कैंसर के इलाज की सुविधाएं विकसित करने और सड़क हादसों में घायल लोगों को 'गोल्डन ऑवर' (हादसे के बाद का पहला एक घंटा) के भीतर जीवनरक्षक इलाज देने के लिए प्रदेशव्यापी 'एकीकृत ट्रॉमा एवं इमरजेंसी नेटवर्क' स्थापित करने के निर्देश दिए हैं।

सीएम योगी ने स्पष्ट कहा कि राज्य की चिकित्सा प्रणाली को त्वरित उपचार, आधुनिक तकनीक, विशेषज्ञ डॉक्टरों और मजबूत रेफरल सिस्टम पर आधारित किया जाए, ताकि किसी भी नागरिक को इलाज के लिए भटकना न पड़े। शुक्रवार को स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के विशेषज्ञों के साथ हुई एक उच्च स्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री ने 'उत्तर प्रदेश राज्य कैंसर टास्क फोर्स' की कार्ययोजना की समीक्षा की। बढ़ती जनसंख्या और जागरूकता की कमी के कारण कैंसर की चुनौती से निपटने के लिए सरकार ने वर्ष 2026 से 2036 तक का 10 वर्षीय राज्य कैंसर रोडमैप तैयार किया है। यह मिशन मुख्य रूप से आठ स्तंभों पर काम करेगा, जिसमें रोकथाम, स्क्रीनिंग, डिजिटल रजिस्ट्री, ऑन्कोलॉजी रिसर्च और बच्चों के कैंसर (बाल्यावस्था कैंसर) के लिए सभी प्रमुख केंद्रों पर समग्र उपचार की सुविधाएं शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि प्रदेश के सभी मंडलों में आधुनिक कैंसर केंद्र स्थापित किए जाएं और जिला स्तर तक जांच सुविधाएं बढ़ाई जाएं। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों से लेकर जिला अस्पतालों तक नियमित स्क्रीनिंग होगी। मरीजों की पहचान से लेकर उनके इलाज और फॉलोअप की पूरी कमान एक डिजिटल प्लेटफॉर्म के हाथ में होगी। तंबाकू जनित कैंसर को रोकने के लिए स्वास्थ्य और आयुष विभाग मिलकर जागरूकता, खानपान और सुचारू जीवन पद्धति पर केंद्रित राज्यव्यापी अभियान चलाएंगे। सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों को रोकने के लिए 'उत्तर प्रदेश ट्रॉमा एवं इमरजेंसी नेटवर्क' का खाका खींचा गया है। इसके तहत राज्य में त्रिस्तरीय (लेवल-1, लेवल-2 और लेवल-3) आपातकालीन चिकित्सा इकाइयों का जाल बिछाया जाएगा। इस नेटवर्क का महत्वाकांक्षी लक्ष्य प्रदेश की लगभग 95 प्रतिशत आबादी को किसी भी हादसे या इमरजेंसी की स्थिति में महज 60 मिनट के भीतर विशेषज्ञ डॉक्टरों की सेवाएं उपलब्ध कराना है। एक्सप्रेसवे और नेशनल हाईवे पर त्वरित चिकित्सा सहायता के विशेष इंतजाम किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इमरजेंसी सेवाएं किसी भी अस्पताल की रीढ़ होती हैं, इसलिए एम्बुलेंस के रिस्पांस टाइम को और सुधारा जाए। इसके लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित एक डिजिटल रेफरल प्रणाली विकसित की जाएगी, जो एम्बुलेंस, डॉक्टरों की मौजूदगी, बेड की उपलब्धता और इलाज की सुविधाओं की रियल-टाइम (वास्तविक समय) मॉनिटरिंग करेगी। इसके साथ ही चिकित्सा शिक्षा संस्थानों में विशेषज्ञ डॉक्टरों, नर्सिंग और पैरामेडिकल स्टाफ की कमी को पूरा करने के लिए एडवांस ट्रेनिंग और रिसर्च को बढ़ावा दिया जाएगा।



## अखिलेश यादव ने चल दी ये 5 बड़ी चालें तो बदल जाएगा पूरा खेल, खतरे में पड़ जाएगी बीजेपी की कुर्सी

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** प्रदेश में 2027 के विधानसभा चुनावों को लेकर अभी से सियासी पारा चढ़ने लगा है। समाजवादी पार्टी (सपा) के मुखिया अखिलेश यादव लगातार भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) की सरकार को घेरने में जुटे हैं, तो वहीं दूसरी तरफ बीजेपी भी अपनी सत्ता बचाने के लिए संगठन और सरकार के स्तर पर तगड़ा ताना-बाना बुन रही है।

इस बीच यूपी के सियासी गलियारों में सबसे बड़ा सवाल यही तैर रहा है कि क्या अखिलेश यादव के पास कोई ऐसा जादुई फॉर्मूला है, जिससे वह 2027 के महामुकाबले को पूरी तरह अपने पाले में मोड़ सकें? पिछले कुछ महीनों से अखिलेश यादव बार-बार हुंकार भर रहे हैं कि 'यूपी की जनता अब बदलाव चाहती है।' वहीं बीजेपी का दावा है कि उसके विकास कार्य और कल्याणकारी योजनाएं एक बार फिर उसे सत्ता की गद्दी पर बैठाएंगी। मुकाबला बिल्कुल आमने-सामने का है, लेकिन अगर अखिलेश यादव की रणनीति के ये 5 हिस्से मजबूत हो गए, तो यूपी का पूरा चुनावी गेम पलट सकता है। आइए समझते हैं कि वो कौन से 5 काम हैं जो अखिलेश की लॉटरी लगा सकते हैं... उत्तर प्रदेश की राजनीति में जातीय समीकरण हमेशा से ही सबसे बड़ा फैक्टर रहे हैं। अखिलेश यादव पिछले कुछ समय से पीडीए (पिछड़ा, दलित,



अल्पसंख्यक) का नारा बुलंद कर रहे हैं। अगर समाजवादी पार्टी इन पिछड़े, दलित और अन्य प्रभावशाली सामाजिक तबकों के बीच अपनी पैठ को और ज्यादा मजबूत कर लेती है, तो कई विधानसभा सीटों पर वह बीजेपी के कोर वोट बैंक में बड़ी सेंध लगा सकती है। इस फॉर्मूले का जमीन पर पूरी तरह लागू होना सपा के लिए संजीवनी साबित हो सकता है। बेरोजगारी, सरकारी नौकरियों की भर्तियां और बेहतर शिक्षा जैसे मुद्दे यूपी के करोड़ों युवाओं के भविष्य से सीधे जुड़े हैं। अगर समाजवादी पार्टी युवाओं के इन जरूरी मुद्दों को चुनाव के केंद्र में लाने में कामयाब हो जाती है और उनके सामने रोजगार का एक ठोस और भरोसेमंद विकल्प पेश करती है, तो युवा वोटर्स का एक बहुत बड़ा हिस्सा सपा की तरफ शिफ्ट हो सकता है, जो किसी भी पार्टी को जिताने का दम रखता है। यूपी के चुनावी रण में कई बार छोटी पार्टियां भी किंगमेकर की भूमिका निभाती हैं और बड़े-बड़े दिग्गजों का खेल बिगाड़ देती हैं। अखिलेश यादव के लिए यह बेहद जरूरी होगा कि वह अपने पुराने सहयोगियों को तो साथ रखें ही, साथ ही कुछ नए क्षेत्रीय दलों को भी अपने पाले में जोड़ने में सफल रहें। अगर ऐसा होता है, तो कई त्रिकोणीय और कड़े मुकाबले वाली सीटों पर पासा पूरी तरह सपा के पक्ष में पलट सकता है। राजनीति के धुरंधर और विशेषज्ञ हमेशा एक बात कहते हैं कि 'चुनाव बड़ी-बड़ी रैलियों से नहीं, बल्कि बूथ जीतने से जीते जाते हैं।' समाजवादी पार्टी को अगर 2027 में सत्ता का वनवास खत्म करना है, तो उसे हर एक विधानसभा क्षेत्र में बूथ लेवल तक कार्यकर्ताओं का एक बेहद सक्रिय और मजबूत नेटवर्क खड़ा करना होगा। अगर पोलिंग बूथ पर सपा का कार्यकर्ता डटा रहा, तो इसका सीधा असर वोटिंग के दिन नतीजों में साफ दिखाई देगा। महंगाई, कानून-व्यवस्था, किसानों की कर्ज और फसलों के दाम की समस्याएं, बिजली की किल्लत और स्थानीय विकास जैसे मुद्दे हर जिले के आम नागरिक को सीधे प्रभावित करते हैं। अगर सपा इन जनहित के सवालों को सिर्फ सोशल मीडिया पर नहीं, बल्कि जमीन पर उतरकर स्थानीय स्तर पर प्रभावी ढंग से उठाती है, तो उसे जनता के बीच एक बड़ी राजनीतिक बढ़त मिल सकती है, जिससे पार पाना बीजेपी के लिए भी आसान नहीं होगा।

# एकाएक तेज हुआ बुंदेलखंड राज्य निर्माण का अभियान

### 'राज्य दो, वोट लो': बुंदेलखंड राज्य निर्माण के लिए गांव-गांव चलेगा अभियान, बांदा में लामबंद हुए कई संगठन

( यंग भारत न्यूज )

**बांदा।** 'सत्ताएं वोट से डरती हैं, इसलिए बुंदेलखंड के निवासियों को आगामी चुनाव से पहले 'राज्य दो, वोट लो' का अभियान गांव-गांव और गली-गली तक पहुंचाना होगा।' यह हुंकार चार बार के पूर्व सांसद एवं 'बुंदेलखंड राज्य बनाओ मोर्चा' के संयोजक गंगा चरण राजपूत ने भरी। मंगलवार को स्थानीय जिला बार संघ कार्यालय में पत्रकारों और विभिन्न संगठनों को संबोधित करते हुए उन्होंने बुंदेलखंड की बदहाली, पलायन और पर्यावरणीय संकट का जमीनी खाका खींचते हुए अलग राज्य की मांग को पुरजोर तरीके से उठाया। पूर्व सांसद ने स्पष्ट किया कि यह किसी के खिलाफ बगावत नहीं है, बल्कि अपने अधिकारों और नेताओं को उनके वादे याद दिलाने का एक लोकतांत्रिक संघर्ष है।





राम मंदिर और अनुच्छेद 370 का दिया हवाला

श्री राजपूत ने कहा कि जब बीते 75 सालों में देश के भीतर 14 से 28 राज्य बन सकते हैं, तो एक बुंदेलखंड राज्य बनने में क्या परेशानी है? उन्होंने याद दिलाया कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने राम मंदिर का निर्माण करवाया और कश्मीर से धारा 370 हटाई। ये दोनों काम बेहद मुश्किल थे। उन्होंने वर्ष 2014 में झांसी की जनसभा में बुंदेलखंड राज्य बनाने का वादा किया था। अब समय आ गया है कि बुंदेलखंडवासी उनसे अपना यह तीसरा वादा पूरा करने की मांग करें।

जमीनी हकीकत: पर्यावरण, पानी और पलायन का संकट

बुंदेलखंड की मौजूदा भौगोलिक और आर्थिक स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए श्री राजपूत ने कई कड़वे सच सामने रखे:

पर्यावरण का विनाश:ट्ठ 1947 में बुंदेलखंड में 30% जंगल थे, जो अब कटकर मात्र 3% रह गए हैं। अंधाधुंध खनन और पेड़ों की कटाई के कारण बांदा आज विश्व के सबसे गर्म शहरों में शुमार हो गया है। केन और बेतवा जैसी जीवनदायिनी नदियों की जलधाराएं खनन के चलते गड्ढों में तब्दील हो गई हैं।

पलायन का दर्द:ट्ठ रोजगार और उचित जीवन स्तर के अभाव में बुंदेलखंड की लगभग 40% आबादी पलायन कर चुकी है। महानगरों में ईंट-भट्ठों, सिक्योरिटी गार्ड और मजदूरी के कामों में सबसे बड़ी संख्या बुंदेलखंडियों की ही है।

योजनाओं की हकीकत:ट्ठ उन्होंने 'जल जीवन मिशन' जैसी योजनाओं के क्रियान्वयन पर सवाल उठाते हुए कहा कि धरातल पर अब भी कई गांवों में पानी नहीं पहुंचा है और टंकियों के निर्माण में गुणवत्ता की कमी देखी जा रही है। ऐसे में संबंधित अधिकारियों और मंत्रियों की जवाबदेही तय होनी चाहिए।

'नेताओं का महिमामंडन छोड़ें, पाई-पाई का हिसाब मांगें '

जनता से लोकतांत्रिक जागरूकता का आह्वान करते हुए श्री राजपूत ने कहा कि अब समय आ गया है कि लोग मंत्रियों और नेताओं को गजरा पहनाना और उनके पीछे तालियां बजाना बंद करें। जनता को अपने लोकतांत्रिक अधिकारों रूपी 'तलवार' उठानी होगी और विकास के लिए आए सरकारी बजट के एक-एक पैसे का हिसाब मांगना होगा।

आगामी रणनीति और मुख्य मांगें

उन्होंने मांग रखी कि आगामी संसद सत्र में आने वाले परिसीमन में बुंदेलखंड को अलग किया जाए। बुंदेलखंड का अपना अलग कैडर हो, अपना हाईकोर्ट हो और यहां के 100% रोजगार पर स्थानीय युवाओं का अधिकार हो। उन्होंने सभी संगठनों से अपील की कि मुख्यमंत्री कोई भी बने, लेकिन पहला लक्ष्य केवल बुंदेलखंड राज्य का निर्माण होना चाहिए। जल्द ही पूरे क्षेत्र में 'बहुत सहा है, अब ना सहेंगे, बुंदेलखंड राज्य लेकर रहेंगे' के नारों वाले बैनर जन-सहयोग से गांव-गांव और चौराहों पर लगाए जाएंगे।

विभिन्न संगठनों और समाजसेवियों का मिला खुला समर्थन

इस अवसर पर बुंदेलखंड के अलग-अलग संगठनों ने एक सुर में मोर्चा का समर्थन किया। बुंदेलखंड राज्य निर्माण संघर्ष समिति के संयोजक रमेश चंद्र दुबे, बुंदेलखंड राष्ट्र समिति के अध्यक्ष प्रवीण पांडेय, और बुंदेलखंड नव निर्माण सेवा के अध्यक्ष रवि श्रीवास्तव ने एकजुट होकर संघर्ष की बात कही। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा, बांदा ने भी अपना खुला समर्थन घोषित किया। महासभा के अध्यक्ष विजय निगम, दुर्गा चरण श्रीवास्तव, विशाल श्रीवास्तव, सिद्धार्थ सिंह, आलोक निगम, शैवाल भटनागर, और रमेश चंद्र श्रीवास्तव ने इस मुहिम में हरसंभव साथ देने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में बुंदेलखंड के लिए 52 बार अपने खून से चिट्ठियां लिखने वाले वरिष्ठ पत्रकार व समाजसेवी ताराचंद्र पाटकर, पूर्व बार संघ अध्यक्ष आनंद सिन्हा, पूर्व बार संघ अध्यक्ष द्वारकेश यादव मंडेला, पूर्व अध्यक्ष रणवीर सिंह चौहान, अवधेश गुप्ता (खादी वाला), 'मुक्ति चक्र' के संपादक गोपाल गोयल, वरिष्ठ पत्रकार अनिल शर्मा, नाथ संप्रदाय के स्वामी विवेकानंद सरस्वती, महोबा प्रेस क्लब अध्यक्ष संजय मिश्रा, वरिष्ठ अधिवक्ता राम लखन राजपूत, बार संघ के पूर्व महामंत्री मनोज निगम लाला, श्रीमती हेमलता और मुजीब आलम ने भी अपने बहुमूल्य सुझाव दिए। कार्यक्रम का सफल संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता रोहन सिन्हा ने किया।

## हलाला रेप' की एफआईआर रद्द नहीं होगी, इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा- पॉक्सो कानून पर्सनल लॉ से ऊपर

( यंग भारत न्यूज )

**प्रयागराज:** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने एक जुलाई को ' निकाह हलाला ' के नाम पर बार-बार रेप के आरोप वाली एफआईआर को रद्द करने से इनकार कर दिया। अदालत ने कहा कि प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रन फ्रॉम सेक्सुअल ऑफेंसेस एक्ट पर्सनल लॉ से ऊपर है। कोर्ट ने कहा कि नाबालिग के खिलाफ यौन अपराधों को सही ठहराने के लिए पर्सनल लॉ का इस्तेमाल ढाल के तौर पर नहीं किया जा सकता।



निकाह हलाला एक इस्लामिक प्रथा है जिसके तहत तलाकशुदा महिला को अपने पहले पति से दोबारा शादी करने से पहले किसी अन्य पुरुष से शादी करनी होती है और उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने होते हैं। यह एफआईआर अमरोहा जिले के सैदनगली पुलिस स्टेशन में बीएनएस के मुस्लिम महिला (विवाह पर अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम, 2019 और पॉक्सो एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज की गई थी। इस प्रथमिकी में पीड़ित महिला ने नौ लोगों पर आरोप लगाया गया था कि उन्होंने शिकायतकर्ता के नाबालिग होने पर 2016 में निकाह हलाला के दौरान उसके साथ रेप किया और 2025 में 'डबल' हलाला के दौरान उसके साथ गैंग-रेप किया। जस्टिस जेजे मुनीर और तरुण सक्सेना की डिवीजन बेंच ने कहा कि अगर किसी नाबालिग लड़की के साथ निकाह हलाला के तहत यौन संबंध बनाए जाते हैं, तो भले ही वह उस व्यक्ति से दोबारा शादी करना चाहे जिसने उसे तलाक दिया था, पॉक्सो एक्ट के प्रावधान निश्चित रूप से लागू होंगे। याचिकाकर्ताओं के वकील ने तर्क दिया कि 2016 में शरिया कानून के तहत ट्रिपल तलाक को मान्यता प्राप्त थी और निकाह हलाला एक वैध धार्मिक प्रथा थी। वकील ने यह भी तर्क दिया कि मुस्लिम पर्सनल लॉ के तहत नाबालिग की शादी अमान्य नहीं बल्कि केवल रद्द करने योग्य थी, और महिला ने बालिग होने के एक साल के भीतर शादी को अस्वीकार नहीं किया था। विरोधी पक्ष के वकील ने कहा कि बीएनएस (भारतीय न्याय संहिता) के तहत अपराध माने जाने वाले कृत्यों को बचाने के लिए पर्सनल लॉ का सहारा नहीं लिया जा सकता। हाईकोर्ट ने 'इंडिपेंडेंट थॉट बनाम भारत संघ' मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए कहा कि शीर्ष अदालत ने पॉक्सो एक्ट को प्राथमिकता दी है, जिससे 18 साल से कम उम्र की लड़की के साथ कानूनी यौन संबंधों की कोई गुंजाइश नहीं बचती। कोर्ट ने कहा कि इस सिद्धांत को बीएनएस में धारा 63 के अपवाद 2 के माध्यम से स्पष्ट रूप से शामिल किया गया है।

# हाई कोर्ट में चल रहा है मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल की तैनाती का मामला

### हाई कोर्ट से कभी भी हट सकते हैं मौजूदा प्रिंसिपल

- » इसी जल्दबाजी में मौजूद प्रचार्य ने कई पटलों पर जल्दी जल्दी कर दिया फेर बदल
- » तबादलों में जातीय पक्षपात और मनमानी के आरोप
- » भ्रष्टाचार व 'खाओ-कमाओ' माहौल में डूबा है मेडिकल
- » कॉलेज प्रशासन ने आरोपों पर नहीं दी प्रतिक्रिया
- » अच्छी खासी धांधल गर्दी व्यापत है मेडिकल कॉलेज में
- » प्रभारी सीएमएस का मेडिकल में चल रहा है राज

( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** राजकीय मेडिकल कॉलेज उरई एक बार फिर चर्चाओं में है। कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. महेंद्र सिंह पर विभागीय जिम्मेदारियों के वितरण को लेकर गंभीर आरोप लगाए जा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, नए प्रधानाचार्य द्वारा पूर्व प्रधानाचार्य के कार्यकाल में विभिन्न अधिकारियों को दिए गए विभागीय चार्ज में बदलाव करते हुए अपनी पसंद के अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी जा रही है। आरोप यह भी है कि इस प्रक्रिया में योग्यता और अनुभव की अपेक्षा जातीय आधार पर प्राथमिकता दी जा रही है।



सूत्रों का दावा है कि जिन अधिकारियों ने लंबे समय तक विभिन्न विभागों की जिम्मेदारियां संभालीं, उनसे चार्ज वापस लेकर ऐसे अधिकारियों को सौंपा गया है, जिनका संबंधित कार्यों का अनुभव सीमित है। कुछ कर्मचारियों का कहना है कि जिन अधिकारियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां दी गई हैं, वे पहले हॉस्टल जैसी मूलभूत व्यवस्थाओं का संचालन भी संतोषजनक ढंग से नहीं कर पाए थे। ऐसे में विभागीय कार्यों की गुणवत्ता पर भी सवाल उठने लगे हैं। कॉलेज के भीतर चर्चा है कि विभागीय फेरबदल के पीछे प्रशासनिक आवश्यकता से अधिक व्यक्तिगत पसंद-नापसंद और पूर्व प्रधानाचार्य के कार्यकाल से जुड़ी नाराजगी को आधार बनाया गया है। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। इसी बीच मेडिकल कॉलेज प्रशासन पर भ्रष्टाचार और कथित 'खाओ-कमाओ' नीति अपनाने के भी आरोप लगाए जा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार विभिन्न प्रशासनिक निर्णयों में पारदर्शिता का अभाव दिखाई दे रहा है, जिससे कर्मचारियों के बीच असंतोष बढ़ रहा है। आरोप है कि महत्वपूर्ण निर्णय सीमित लोगों की सलाह पर लिए जा रहे हैं और संस्थान में निष्पक्ष प्रशासनिक व्यवस्था प्रभावित हो रही है। कर्मचारियों का कहना है कि यदि विभागों की जिम्मेदारियां योग्यता और कार्यक्षमता के बजाय अन्य आधारों पर तय होंगी तो इसका सीधा असर मेडिकल कॉलेज की कार्यप्रणाली और मरीजों को मिलने वाली स्वास्थ्य सेवाओं पर पड़ सकता है। मेडिकल कॉलेज जैसे संवेदनशील संस्थान में प्रशासनिक पारदर्शिता और जवाबदेही बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। हालांकि, यह भी उल्लेखनीय है कि प्रधानाचार्य डॉ. महेंद्र सिंह या मेडिकल कॉलेज प्रशासन की ओर से इन आरोपों पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। इसलिए इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है। यदि कर्मचारियों और सूत्रों द्वारा लगाए जा रहे आरोपों में सच्चाई है, तो यह मामला उच्च स्तर पर जांच का विषय हो सकता है। वहीं यदि आरोप निराधार हैं, तो प्रशासन को भी स्थिति स्पष्ट करते हुए तथ्यों के साथ अपना पक्ष सार्वजनिक करना चाहिए, जिससे कर्मचारियों और आमजन के बीच बनी भ्रम की स्थिति समाप्त हो सके।

# जनशिकायतों और अन्य प्रशासनिक कार्यों का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण कराया जायेगा -एसडीएम

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता होगी। नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में अतिक्रमण और अवैध कब्जों के विरुद्ध अभियान चलाकर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन पूरी गंभीरता से कार्य करेगा। यह बात एसडीएम राकेश कुमार सोनी ने पत्रकारों से वार्ता के दौरान कही।



पत्रकारों से वार्ता के दौरान एसडीएम राकेश कुमार सोनी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप पारदर्शी और जवाबदेह प्रशासन देना उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी होगी। राजस्व संबंधी मामलों, जनशिकायतों और अन्य प्रशासनिक कार्यों का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि तहसील आने वाले प्रत्येक फरियादी की समस्या को गंभीरता से सुना जाएगा और नियमानुसार उसका समाधान कराया जाएगा। सार्वजनिक भूमि पर अवैध कब्जा किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में अतिक्रमण की शिकायत मिलने पर राजस्व, नगर पालिका और संबंधित विभागों की संयुक्त टीम द्वारा जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराकर उसका संरक्षण सुनिश्चित किया जाएगा। विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों को भी पूरी जिम्मेदारी और पारदर्शिता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं।

## अब तक मूंग, रागी उड़द, तिल, बाजारा आदि की लगभग 1500 किसानों को मिनी किट निशुल्क वितरित

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** वर्तमान में खरीफ की फसल की बुआई का समय चल रहा है। बुआई का समय चलने के कारण राजकीय बीज गोदाम में किसानों का जमावड़ा लग रहा है। किसान बीज लेने के लिए इंतजार करना पड़ रहा है। गोदाम पर उपलब्ध मूंग, रागी उड़द, तिल, बाजारा आदि की लगभग 1500 किसानों को मिनी किट निशुल्क वितरित की जा चुकी है। राजकीय बीज गोदाम पर किसानों को निशुल्क व बिक्री के लिए आए बीज लेने के लिए किसानों का जमावड़ा लग रहा है। किसानों के लिए गोदाम से मूंग, रागी उड़द, तिल, बाजारा का बीज निशुल्क उपलब्ध है। निशुल्क बीज पाने के लिए रोजाना भीड़ लग रही है। गोदाम में तिली 1000 पैकेट, बाजारा 1000 पैकेट, मूंग 50 पैकेट, उड़द 40 पैकेट व रागी के 20 पैकेट उपलब्ध कराए गए हैं, जिनका निशुल्क वितरण किया जा रहा है। इसके साथ मूंगफली, सोयाबीन का बीज बिक्री के लिए उपलब्ध कराया गया है। गोदाम प्रभारी रविकांत सेन ने बताया कि खरीफ की फसल के लिए सरकार द्वारा मूंग, रागी उड़द, तिल, बाजारा के बीज उपलब्ध कराए गए हैं। जिसमें मूंग, रागी उड़द, तिल, बाजारा का बीज निशुल्क उपलब्ध है जबकि मूंगफली व सोयाबीन का बीज बिक्री के लिए उपलब्ध है। किसान बड़ी संख्या में निशुल्क बीज के लिए आ रही है। अब तक लगभग 1500 किटों का वितरण हो चुका है। किसान चित्तर सिहं खनुवां, ज्ञानचंद्र राव व गंभीर सिहं कुठोंदा बुजुर्ग, अजय कुमार उरगांव, शिवकुमार उरगांव, जगदीश प्रसाद कुंवरपुरा समेत कई किसानों को निशुल्क किटों का वितरण किया गया।

## पुलिस टीम पर हमला करने के आरोप में चार गिरफ्तार, सिरसाकलार में वैधानिक कार्रवाई शुरू

### पुलिस पर हाथ उठाने वालों को बख्शा न जाएगा-एएसपी

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन।** थाना सिरसाकलार क्षेत्र में एक पारिवारिक विवाद की जांच के दौरान पुलिस टीम पर हमला करने के आरोप में पुलिस ने चार लोगों को हिरासत में लेकर उनके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

क्षेत्राधिकारी जालौन अजय कुमार सिंह ने बताया कि शनिवार को श्रीमती अजमेरन ने अपने पति, सास, देवर एवं एक रिश्तेदार के विरुद्ध थाना सिरसाकलार में मुकदमा दर्ज कराया था। मामले की जांच के लिए थाना सिरसाकलार में तैनात आरक्षी सौरव पटेल और रिंकू यादव शिकायत के संबंध में मौके पर पहुंचे थे। पुलिस के अनुसार, जांच के दौरान वादिनी के पति मजीद खां, सफीक, सास अकबरी तथा भांजे सलमान ने पुलिस टीम के साथ अभद्रता करते हुए उन पर हमला कर दिया। घटना के बाद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए चारों आरोपियों को हिरासत में ले लिया। क्षेत्राधिकारी ने बताया कि पुलिस बल पर हमला करने के मामले को गंभीरता से लिया गया है। आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में विधिक कार्रवाई की जा रही है तथा पूरे प्रकरण की जांच जारी है। पुलिस का कहना है कि कानून व्यवस्था बनाए रखने में बाधा डालने और सरकारी कार्य में अवरोध उत्पन्न करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मामले में साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

## कैलिया पुलिस ने वारंटी को दबोचा

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** सर्किल के कैलिया थानाध्यक्ष अवनीश कुमार पटेल ने उपनिरीक्षक रूपेंद्र पाल सिंह एवं सिपाही प्रबल प्रताप सिंह के साथ मिलकर शनिवार को क्षेत्र के ग्राम पीपरी कलां में दबिश देकर लंबे समय से वारंटी चल रहे अभियुक श्याम सुंदर पुत्र धनलाल निवासी ग्राम पीपरी कलां को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा श्याम सुंदर को अग्रिम कार्यवाही हेतु न्यायालय में पेश किया गया। श्याम सुंदर के खिलाफ कुछ समय पूर्व धारा 323, 504, 506, 387 में मुकदमा दर्ज कराया गया था। उक्त मुकदमे में न्यायालय में होने वाली तारीखों से गैर हाजिर रहने के चलते न्यायालय द्वारा उसके खिलाफ वारंट जारी किया गया था।

## नि:शुल्क कैंप आज, देखे जाएंगे हड्डी एवं जोड़ों के मरीज

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** मार्कंडेयश्वर तिराहा स्थित विमल क्लीनिक के संचालक डॉ. कुलदीप सिंह ने बताया है कि आज 5 जुलाई रविवार को सुबह 10 से शाम 4 बजे तक क्लीनिक पर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा जिसमें हड्डी एवं जोड़ रोगो के मरीज नि:शुल्क देखे जाएंगे एवं दवा का भी वितरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि डॉ. अमन आनंद (एमबीबीएस) जनरल फिजीशियन एंड सर्जन द्वारा घुटना, कमर, गर्दन व जोड़ों का दर्द, साइटिका, गठिया, नस दबना, सुन्नपन व झुनझुनी तथा मोच, चोट एवं हड्डी संबंधी समस्याओं को लेकर परामर्श नि:शुल्क दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मरीज को एमआरआई/ एक्स-रे एवं पुरानी रिपोर्टें जरूर साथ में लानी होगी।

## आपसी कहा सुनी पर पति ने पत्नी को बेरहमी से पीटा

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** आपसी विवाद में पति ने अपनी पत्नी के साथ जमकर मारपीट कर उसे मरणासन्न कर दिया। सूचना पर पहुंचे मायके पक्ष के लोग घायल महिला को साथ लेकर कोतवाली पहुंचे और पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही किए जाने की मांग की। फिलहाल पुलिस द्वारा घायल महिला को चिकित्सकीय परीक्षण के लिए अस्पताल भेजा गया है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बसोव निवासी नरेश प्रजापति का अपनी पत्नी पदमा देवी से किसी बात को लेकर बीते दो-तीन दिनों से विवाद चल रहा था। शनिवार को नरेश ने गाली गलौच कर पदमा को लात घूंसों से बुरी तरह मारपीट इतना ही नही नरेश ने पदमा के सर मे मारपीट कर उसे मरणासन्न कर दिया। आरोप है कि उसने पत्नी का गला दबाकर मारने का भी प्रयास किया। वहीं मारपीट की सूचना पर पदमा के एट निवासी मायके पक्ष के लोग बसोव पहुंचे और पदमा को साथ लेकर कोतवाली पहुंचे। यहां उन्होंने पुलिस को शिकायती पत्र देकर पति नरेश के खिलाफ कार्यवाही किए जाने की मांग की है। फिलहाल पुलिस द्वारा घायल पदमा को चिकित्सकीय परीक्षण के लिए अस्पताल भेजा गया है।वरिष्ठ उपनिरीक्षक विमलेश कुमार का कहना है कि तहरीर प्राप्त हुई है, मेडिकल रिपोर्ट के बाद मुकदमा दर्ज कर आरोपी के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाएगी।

## सीएमओ ने किया सीएससी नदीगांव का औचक निरीक्षण

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** मुख्य चिकित्सा अधिकारी जालौन डॉ. हरिनंदन प्रसाद ने शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नदीगांव का औचक निरीक्षण किया।उन्होने प्रत्येक बिन्दु की गहनता से जांच की और व्यवस्थाएं ठीक-ठाक मिलने पर संतोष जताया।



सीएमओ ने चिकित्सा व्यवस्था, साफ-सफाई, दवाओं की उपलब्धता और कर्मचारियों की उपस्थिति का जायजा लिया। उन्होंने मरीजों को मिल रही स्वास्थ्य सुविधाओं, ओपीडी, इमरजेंसी और वार्डों में साफ-सफाई को संतोषजनक पाया। डॉ. प्रसाद ने दवाओं की उपलब्धता और मरीजों के इलाज से संबंधित अभिलेखों की गहन जांच की। निरीक्षण के बाद, उन्होंने डॉक्टरों और अन्य कर्मचारियों को अपनी ड्यूटी के प्रति पूर्ण निष्ठावान रहने के निर्देश दिए। सीएमओ ने यह भी कहा कि मरीजों को हर संभव बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

## जाममुक्त बनाने के लिए प्रशासन सख्त; एसडीएम के नेतृत्व में चला बड़ा अतिक्रमण हटाओ अभियान, जनता ने की सराहना की

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन।** स्थानीय प्रशासन द्वारा नगर को जाम की समस्या से मुक्ति दिलाने और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए लगातार अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया जा रहा है। शुक्रवार देर शाम नगर के प्रमुख बाजारों में प्रशासन का कड़ा रुख देखने को मिला, जहां अधिकारियों ने सड़कों और फुटपाथों को कब्जामुक्त कराया। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन के इस कदम का स्वागत करते हुए अभियान की सराहना की है।




शुक्रवार को देर शाम नगर के व्यस्तम इलाकों जैसे सब्जी मंडी, पत्थर वाली गली और झंडा चौराहे की ओर व्यापक स्तर पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। यह कार्रवाई उपजिलाधिकारी (एसडीएम) राकेश कुमार सोनी, क्षेत्राधिकारी (सीओ) अजय कुमार सिंह और अधिशासी अधिकारी (ईओ) सुशील कुमार के संयुक्त नेतृत्व में भारी पुलिस बल और नगर पालिका टीम की मौजूदगी में की गई। अभियान के दौरान अधिकारियों ने सड़क और नालियों के ऊपर किए गए अवैध पक्के व कच्चे निर्माण को हटवाया। साथ ही, फुटपाथों पर दुकानदारों द्वारा बाहर तक फैलाकर रखे गए सामान को भी हटवाकर रास्ता साफ कराया गया। प्रशासन की इस त्वरित कार्रवाई से वर्षों से संकरे दिख रहे बाजार अब खुले और व्यवस्थित नजर आने लगे हैं, जिससे आम जनता और राहगीरों को आवागमन में बड़ी राहत मिली है। स्थानीय प्रबुद्ध वर्ग और आम नागरिकों ने नगर को सुंदर और जाममुक्त बनाने के लिए उपजिलाधिकारी व उनकी टीम के इस प्रयास की जमकर प्रशंसा की है। अतिक्रमण अभियान को पूरी तरह सफल बनाने के लिए उपजिलाधिकारी राकेश कुमार सोनी ने आम जनता और व्यापारियों से सहयोग की अपील की है। इसके साथ ही उन्होंने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी कीमत पर जनता को परेशानी में डालने वाला अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि अभियान के बाद दोबारा किसी ने सड़क या नालियों पर अवैध कब्जा करने का प्रयास किया, तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए भारी जुर्माना वसूला जाएगा। प्रशासन का साफ संदेश है कि नगर की कानून और यातायात व्यवस्था से किसी को भी खिलवाड़ करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

## देर रात हुआ सड़क हादसा,अज्ञात चार पहिया वाहन ने टैम्पो में मारी टक्कर चालक घायल

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** नगर में शुक्रवार देर रात एक सड़क हादसे में टेम्पू चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।जानकारी के अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंच के पास स्थित मलंगा पुल पर सवारियों को छोड़कर उरई लौट रहे टेम्पू को एक अज्ञात तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने साइड से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। ग्राम शिवनी बुजुर्ग निवासी शिवम नाई शुक्रवार रात सवारियों को कोंच छोड़ने के बाद अपने टेम्पू से उरई की ओर लौट रहा था।तभी रात करीब 11 बजे जब वह सीएचसी कोंच के पास मलंगा पुल पर पहुंचा, तभी पीछे से आए एक अज्ञात चार पहिया वाहन ने उसके टेम्पू में बगल से जोरदार टक्कर मार दी।टक्कर इतनी तेज थी कि टेम्पू बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी और चालक शिवम नाई घायल हो गया। हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर घायल



चालक की मदद की और घटना की सूचना परिजनों व पुलिस को दी।सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण कर जानकारी हासिल की। वहीं, टक्कर मारने वाला वाहन चालक दुर्घटना के तुरंत बाद वाहन सहित फरार हो गया। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से फरार वाहन की पहचान करने और चालक का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि मलंगा पुल पर रात के समय तेज रफ्तार वाहनों की आवाजाही के कारण हादसों का आए दिन खतरा बना रहता है।

## दंपत्ति के साथ गांव के ही युवक द्वारा गाली, गलौज व मारपीट की गयी

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** दंपत्ति के साथ गांव के ही युवक द्वारा गाली, गलौज व मारपीट कर धमकी देने की शिकायत पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर की है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम धंतौली निवासी संगीता देवी ने पुलिस को बताया कि उनके गांव के ही विक्रम उसके परिवार से रंजिश मानते हैं। रंजिश के चलते अक्सर विवाद करते रहते हैं। आरोप लगाया कि शनिवार की शाम पति घर के बाहर खड़े थे। तभी विक्रम वहां आया और गाली, गलौज कर उनके साथ मारपीट करने लगा। आवाज सुनकर वह बाहर आई और पति को बचाने की कोशिश की तो उसके साथ भी मारपीट की। मारपीट के बाद वह धमकी देकर वहां से भाग गया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है।

## नहाने के लिए बाथरूम जा रही किशोरी की करंट लगने से मौत

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन -उरई** ।नहाने के लिए बाथरूम जा रही किशोरी को करंट लग गया। करंट लगने से किशोरी बेहोश हो गई। परिजन आनन फानन में किशोरी को सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने पोस्टमॉर्टम कराने से इंकार किया और शव को अस्पताल से घर ले गए।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अकोढ़ी दुबे निवासी रफीक खान की 13 वर्षीय बेटी ईशाना शनिवार की सुबह करीब 10 बजे नहाने के लिए बाथरूम जा रही थी। बाथरूम के अंदर दरवाजा बंद करने समय अचानक से उसे करंट लग गया और वह झटका खाकर बाथरूम में गिरकर बेहोश हो गई। परिजनों ने जब उसके गिरने की आवाज सुनी तो दौड़कर वहां पहुंचे और ईशाना को लेकर तत्काल सीएचसी पहुंचे। लेकिन तब तक देर हो चुकी थी डॉक्टरों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने शव का पोस्टमॉर्टम कराने से मना कर दिया और शव को वापस घर ले गए।

## ऑटो की टक्कर से घायल बाइक सवार ने मुकदमा दर्ज कराया

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी-उरई।** पिछले सप्ताह आटा स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग में अपना ढाबा के पास विपरीत से आ रही ऑटो ने बाइक में टक्कर मार दी। इस मामले को लेकर पीड़ित पक्ष के द्वारा थाना आटा में आटो चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। उक्त मामले को लेकर वादी अनूप तिवारी पुत्र उमाशंकर तिवारी निवासी रेढर ने थाना आटा में मुकदमा दर्ज कराते हुए अवगत कराया है कि प्रार्थी का पुत्र इंडियन बैंक रिकवरी एजेंट का काम करता है दिनांक 27.06.2026 को शाम 6:30 बजे कालपी से उरई की ओर आते वक्त हाईवे स्थित अपना ढाबा के पास विपरीत दिशा से एक ऑटो रिक्शा चालक ने तेजी व लापरवाही से चलाते हुए मेरे पुत्र की बाइक ऑटो से टकरा गई। जिसके कारण मेरे पुत्र के शरीर पर काफी चोटें आई हैं। प्रार्थी कख घायल पुत्र वर्तमान में ग्वालियर में हॉस्पिटल में एडमिट है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर बिबेचना शुरू कर दी है।

## परदेस यात्रा को निकले व्यक्ति के साथ की गई मारपीट के मामले में नामजद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी - उरई।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत जोल्हुपुर में पिछले महीने बस के अंदर की गई मारपीट के मामले में पीड़ित व्यक्ति ने नामजद आरोपी के खिलाफ कोतवाली कालपी में मुकदमा दर्ज कराया गया है। उक्त प्रकरण को लेकर वादी जयसिंह पुत्र जागेश्वर सिंह निवासी ग्राम कछवाहींपुर थाना घाटमपुर ने कोतवाली कालपी मुकदमा दर्ज कराते हुए अवगत कराया है कितना 23.05.2026 को प्रार्थी अकबरपुर से गुजरात जा रहा था। प्रार्थी के साथ प्रार्थी का मौसी का लड़का दीपू सिंह भी बस में मौजूद था तभी समय करीब 9:30 पर जोल्हुपुर मोड़ पर सवारी बैठाने को लेकर आरोपी संतोष चौहान जोल्हूपुर द्वारा गाली गलौज करते हुए मारपीट की गयी।जिससे प्रार्थी के हाथ और पैर में चोटे हैं मौके पर मौजूद दीपू और बस में मौजूद लोगों को द्वारा प्रार्थी को बचाया गया। भीड़ के द्वारा छूट छुटाओ करने पर आरोपी संतोष ने प्रार्थी को जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भाग गया। कोतवाली पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।इस मामले की बिबेचना ज्ञान भारती चौकी इंचार्ज विपिन कुमार के द्वारा शुरू कर दी गई है।

## नवनिर्मित राजकीय डिग्री कॉलेज में सस्ती तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का आगाज

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी - उरई।** आधुनिक तकनीकों तथा हाईटेक व्यवस्थाओं से युक्त नवनिर्मित राजकीय डिग्री कॉलेज कालपी में स्नातक कक्षाओं में विद्यार्थियों के दाखिले करने के लिए कवायद तेज कर दी गई है। प्राचार्य डॉक्टर हर्षेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में शिक्षकों के द्वारा शिक्षाविदों तथा नागरिकों से संवाद करके महाविद्यालय की विशेषताओं को बतलाया है। विदित हो कि बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी से संवद्धीकरण राजकीय डिग्री कॉलेज कालपी का विशाल आधुनिक नवनिर्मित भवन में 10 क्लास रूम, 4 लैब, एक एक मल्टीपरपच लैब तथा एक विशाल लाइब्रेरी निर्मित है। पारदर्शित एवं सुरक्षा के लिए सभी कक्षाओं तथा गैलरियों में हाईटेक सीसीटीवी कैमरे स्थापित कराए गए हैं। विश्वविद्यालय के द्वारा बीए कक्षा में 420 सीटें, बीएससी में 240 सीटें तथा कॉमर्स बीकॉम में 60 सीटें मिलाकर कुल 720 विद्यार्थियों की सीटें के लिए आवंटित की गई है। उच्च शिक्षा आयोग से चयनित 6 शिक्षकों डॉक्टर रत्नेश कुमार, डॉक्टर ज्ञानमाला सक्सेना, डॉक्टर रामकेश, डॉक्टर वीरेंद्र प्रताप, युधिष्ठिर सिंह के द्वारा टॉप की शिक्षा प्रदान कराई जा रही है। प्राचार्य डॉक्टर सिंह ने क्षेत्रीय नागरिकों तथा अभिभावकों को अपने-अपने बच्चों का दाखिला करने के लिए प्रेरित किया है। इसके लिए प्राचार्य के नेतृत्व में इंटर कॉलेज प्रधानाचार्ययों शिक्षकों बुद्धजियों से संपर्क कर संवाद किए गए हैं। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय में बहुत ही न्यूनतम फीस है। तथा पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध हैं। प्राचार्य के अनुसार निजी महाविद्यालयों की तुलना में सस्ती तथा गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान कराना हमारी प्राथमिकता है।

# पिसनारी वार्ड में सीसी सडक़, नाली व नाला निर्माण का लोकार्पण, जलभराव से मिलेगी राहत

### पालिका अध्यक्ष सोनाली जैन ने कहा, नगर के हर वार्ड तक विकास पहुंचाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता

**ललितपुर।** नगर पालिका परिषद द्वारा नगर के सभी वार्डों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के क्रम में शनिवार को वार्ड संख्या-13 स्थित मोहल्ला पिसनारी में नई सीसी सडक़, नाली एवं नाला निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया गया। पालिका अध्यक्ष सोनाली जैन ने वार्ड पार्षद सविता गिरधारी यादव के साथ फीता काटकर एवं विधिवत पूजन-अर्चन कर विकास कार्यों का शुभारंभ किया। लोकार्पण समारोह के दौरान क्षेत्रवासियों में उत्साह का माहौल रहा। स्थानीय नागरिकों ने पालिका अध्यक्ष और वार्ड पार्षद का पुष्प मालाओं से स्वागत करते हुए नगर पालिका द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों की सराहना की। लोगों ने बताया कि क्षेत्र में लंबे समय से सडक़ और जल निकासी की समस्या बनी हुई थी, जिससे विशेषकर बरसात के मौसम में आवागमन प्रभावित होता था। नई सीसी सडक़, नाली और नाला बनने से अब जलभराव की समस्या दूर होगी और लोगों



को बेहतर आवागमन सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान नहर से श्यामलाल के मकान तक निर्मित सीसी सडक़ एवं नाली का लोकार्पण किया गया। इसके अलावा शिखर जैन के मकान से विक्की खान के मकान होते हुए दरोगा प्रसाद के मकान की ओर बनाए गए नाले का भी उद्घाटन किया गया। नपाध्यक्ष सोनाली जैन ने कहा कि नगर का प्रत्येक वार्ड उनके लिए समान रूप से महत्वपूर्ण है। उनका उद्देश्य केवल निर्माण कार्य कराना नहीं, बल्कि नागरिकों को बेहतर और स्थायी सुविधाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि सडक़, नाली और जल निकासी जैसी मूलभूत व्यवस्थाओं को प्राथमिकता के आधार पर विकसित किया जा रहा है, ताकि किसी भी नागरिक को असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने विश्वास दिलाया कि नगर हित को सर्वोपरि रखते हुए स्वच्छ, सुंदर, व्यवस्थित और आधुनिक ललितपुर के निर्माण के लिए विकास कार्य लगातार जारी रहेंगे। कार्यक्रम में वार्ड पार्षद प्रतिनिधि गिरधारी कुशवाहा, अवर अभियंता खुशबू खान, सेवानिवृत्त वरिष्ठ लिपिक रमाकांत तिवारी, ठेकेदार मनोज साहू, स्वास्थ्य नायक सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# जिला परिषद चौराहे पर लाइन से लग जाते है उरई जालौन वाले टेम्पो

- 50 रुपये टेम्पो प्रतिदिन लेते है ट्रैफिक पुलिस के जवान?
- मुख्यालय पर ट्रैफिक व्यवस्था बेपटरी, जिम्मेदार खामोश
- डीएम-एसपी कार्यालय के सामने रोज लगता जाम, ओवरलोड टेंपो बने परेशानी का कारण



( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** जिला मुख्यालय के जिला परिषद चौराहे से लेकर डीएम कार्यालय और जालौन मार्ग तक ट्रैफिक व्यवस्था लगातार बदहाल बनी हुई है। उरई से जालौन जाने वाले थ्री-व्हीलर टेंपो सड़क पर मनमाने ढंग से सवारियां भरते हैं, जिससे रोजाना जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। ओवरलोड टेंपो, अवैध स्टॉपेज और सड़क पर खड़े वाहनों के कारण राहगीरों व अन्य वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि जिला परिषद चौराहे से लेकर जिलाधिकारी कार्यालय तक प्रतिदिन लंबा जाम लगता है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि यह स्थिति डीएम और पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सामने बनी रहती है, लेकिन इसके बावजूद ट्रैफिक व्यवस्था में कोई प्रभावी सुधार दिखाई नहीं देता। यदि जिला मुख्यालय का यह हाल है तो जिले के अन्य क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था का सहज अनुमान लगाया जा सकता है। उरई-जालौन मार्ग पर चलने वाले कई थ्री-व्हीलर क्षमता से अधिक सवारियां बैठाकर संचालन करते हैं। सवारी बैठाने को लेकर टेंपो चालकों के बीच आए दिन विवाद और झगड़े भी होते रहते हैं, जिससे कानून-व्यवस्था प्रभावित होने का खतरा बना रहता है। इसके बावजूद संबंधित विभागों की ओर से ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। इसी प्रकार सुर्खी बाईपास चौराहे पर भी प्रतिदिन जाम की समस्या बनी रहती है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि ड्यूटी पर तैनात ट्रैफिक पुलिस और होमगार्ड कर्मी कई बार व्यवस्था सुधारने के बजाय केवल मूकदर्शक बने रहते हैं, जिससे वाहन चालकों और आम नागरिकों को लंबे समय तक जाम में फंसना पड़ता है। नगरवासियों ने जिला प्रशासन, पुलिस और परिवहन विभाग से मांग की है कि ओवरलोड टेंपो संचालन पर सख्ती से रोक लगाई जाए, निर्धारित स्टैंड से ही सवारियां भरवाई जाएं तथा प्रमुख चौराहों पर प्रभावी ट्रैफिक प्रबंधन सुनिश्चित किया जाए, ताकि शहर को रोजाना लगने वाले जाम से राहत मिल सके।

# रिंकू सिंह राही की वापसी की मांग को लेकर जालौन में युवाओं का प्रदर्शन, मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** आई,ए,एस रिंकू सिंह राही की दोबारा जालौन में तैनाती की मांग को लेकर शनिवार को नगर में सैकड़ों युवाओं और ग्रामीणों ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया।प्रदर्शनकारियों ने मेला ग्राउंड से तहसील परिसर तक पैदल मार्च निकालते हुए अपनी मांग के समर्थन में नारे लगाए और मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी राकेश सोनी को सौंपा।प्रदर्शन में जालौन नगर के साथ-साथ आसपास के कई गांवों से बड़ी संख्या में युवा शामिल हुए। शुरुआत में प्रदर्शनकारी जिलाधिकारी को मौके पर बुलाकर ज्ञापन देने की मांग पर अड़े रहे। हालांकि पुलिस अधिकारियों और कोतवाली प्रभारी हरिश्चंद्र द्वारा समझाने-बुझाने के बाद सभी प्रदर्शनकारी शांतिपूर्वक ज्ञापन सौंपने पर सहमत हो गए।प्रदर्शन को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए थे। जालौन, कुठौंद, सिरसाकलार, माधौगढ़ और रेंढ़र थानों की पुलिस के अलावा प्रशासनिक अधिकारी पूरे समय मौके पर तैनात रहे। सुरक्षा व्यवस्था के बीच प्रदर्शन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ और कहीं भी कानून-व्यवस्था प्रभावित नहीं हुई।मुख्यमंत्री के नाम सौंपे गए ज्ञापन में प्रदर्शनकारियों ने कहा कि पूर्व उपजिलाधिकारी रिंकू सिंह राही ने अपने कार्यकाल के दौरान जनहित से जुड़े अनेक कार्य किए, जिससे आम जनता का प्रशासन के प्रति विश्वास मजबूत हुआ।उन्होंने सरकार से जनभावनाओं का सम्मान करते हुए रिंकू सिंह राही को पुन: जालौन में उपजिलाधिकारी के पद पर तैनात किए जाने की मांग की।

- आईएएस रिंकू सिंह को अचानक हटाए जाने से युवकों सहित लोगो मे बढ़ती जा रही है नाराजगी
- उरई में आकर डीएम का घेराव करने की भी कह रहे हैं बात

# महिलाओं की राजनीति में बढ़ती भागीदारी लोकतंत्र को मजबूत करेगी-लियाकत अली चिश्ती

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** राष्ट्रीय लोकदल महिला प्रकोष्ठ जनपद जालौन की बैठक महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष श्रीमती अनीता पांडेय के आवास पर संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष श्रीमती अनीता पांडेय ने की।

बैठक में मुख्य रूप से राष्ट्रीय लोकदल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ बुंदेलखंड के क्षेत्रीय अध्यक्ष श्री लियाकत अली चिश्ती, बुंदेलखंड क्षेत्रीय उपाध्यक्ष श्री विपिन शिवहरे , क्षेत्रीय सचिव श्री विकास कुशवाहा, सहित महिला प्रकोष्ठ की अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहीं। इस अवसर पर रानी, सोनम, अनामिका सहित बड़ी संख्या में नारी शक्ति की सहभागिता रही। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से श्रीमती प्रीति सिंह को राष्ट्रीय लोकदल महिला प्रकोष्ठ का नगर अध्यक्ष, उरई मनोनीत किया गया। सभी पदाधिकारियों ने उन्हें बधाई देते हुए संगठन को मजबूत करने की शुभकामनाएँ दीं।इस अवसर पर लियाकत अली चिश्ती ने कहा कि महिलाओं की सक्रिय राजनीतिक भागीदारी से लोकतंत्र और अधिक सशक्त होगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल महिलाओं को सम्मान, अवसर और नेतृत्व प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने महिलाओं से आह्वान किया कि वे बढ़-चढ़कर राजनीति में भाग लें, संगठन को मजबूत करें तथा समाज और राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँ।

# 48 घंटे में महिला की हत्या का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

### -पुरानी रंजिश में की थी हत्या



( यंग भारत न्यूज )

**उरई ।** रामपुरा थाना क्षेत्र में 50 वर्षीय मीना देवी की हत्या का जालौन पुलिस ने महज 48 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी, बांस का डंडा तथा घटना के समय पहने गए कपड़े भी बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार 3 जुलाई को मृतका के पुत्र देवेंद्र सिंह ने अपनी मां की हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. ईशान सोनी एवं क्षेत्राधिकारी माधौगढ़ के नेतृत्व में दो विशेष टीमें गठित की गईं। टीमों ने तकनीकी एवं भौतिक साक्ष्यों के आधार पर जांच करते हुए शनिवार को ग्राम जायधा निवासी लल्ला उर्फ सहदेव और रन सिंह उर्फ बसन्तू को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने हत्या में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली। पुलिस के अनुसार आरोपी रन सिंह ने बताया कि करीब 15 वर्ष पूर्व उसके पिता और मीना देवी के बीच हुए विवाद में उसके पिता की कथित पिटाई हुई थी, जिसे वह परिवार का अपमान मानकर बदला लेने की योजना बना रहा था। वहीं दूसरे आरोपी लल्ला उर्फ सहदेव ने बताया कि मृतका के परिवार और उसके रिश्तेदारों के बीच पुराने वैवाहिक विवाद को लेकर लंबे समय से तनाव चला आ रहा था। पुलिस के मुताबिक, इन्हीं पुरानी रंजिशों के चलते दोनों आरोपियों ने 1 और 2 जुलाई की मध्यरात्रि मीना देवी के घर पहुंचकर उन पर हमला किया। एक आरोपी ने बांस के डंडे से जबकि दूसरे ने कुल्हाड़ी के मूठ वाले हिस्से से वार किए, जिससे उनकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई जारी है।

# प्रधानमंत्री आवास योजना में घुसे हैं अपात्रों के नाम, ग्रामीणों ने सूची से अपात्रों को हटाने की की मांग

### ग्रामीणों अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन



**उरई ( जालौन )।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की पात्रता सूची में कथित अनियमितताओं को लेकर ग्रामवासियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को शिकायती पत्र सौंपकर जांच की मांग की है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि पात्र गरीब परिवारों को योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है, जबकि आर्थिक रूप से संपन्न और पक्के मकानों में रहने वाले कुछ लोगों के नाम सूची में शामिल कर दिए गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कई जरूरतमंद परिवार आज भी कच्चे एवं जर्जर मकानों में रहने को मजबूर हैं, लेकिन उन्हें योजना से वंचित रखा गया है। उन्होंने मांग की कि पात्रता सूची की निष्पक्ष जांच कर अपात्र लोगों के नाम हटाए जाएं और वास्तविक जरूरतमंदों को योजना का लाभ दिया जाए। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने तथा पात्र परिवारों को जल्द से जल्द प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने की मांग की है। ज्ञापन पर कई ग्रामीणों के हस्ताक्षर भी दर्ज हैं।इस मौके पर प्रमुख रूप से नरेश सिंह, रामदास, गीता देवी, हेमंत कुमार, साहब सिंह, आमिर मंसूरी, कमलेशी, शहजाद खान, सोनी देवी, शीला देवी, राजकुमारी, संतोष कोरी, भगवान दास सहित आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

# घायल गोवंशों की सेवा को प्राथमिकता दें, समय पर उपचार से बचाई जा सकती है जान - जिलाधिकारी

### कान्हा गौशाला सरसोकी पहुंचकर घायल गोवंशों का जाना हाल, नियमित उपचार, हरा चारा व स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के दिए निर्देश

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** जनपद में निराश्रित एवं घायल गोवंशों के संरक्षण और बेहतर उपचार को लेकर जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने आज कान्हा गौशाला सरसोकी का निरीक्षण किया। हाल ही में सड़क दुर्घटनाओं में घायल हुए गोवंशों को गौशाला में लाकर उपचार हेतु रखा गया है। जिलाधिकारी ने सभी घायल गोवंशों का हालचाल जाना तथा उनकी स्वास्थ्य स्थिति की जानकारी पशु चिकित्सकों से ली। जिलाधिकारी ने पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक घायल गोवंश का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण किया जाए तथा आवश्यक दवाएं और उपचार समयबद्ध ढंग से उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि उपचार में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी और जब तक गोवंश पूर्णतः स्वस्थ न हो जाएं, उनकी निरंतर निगरानी की जाए। जिलाधिकारी ने स्वयं घायल गोवंशों को गुड़ खिलाकर उनका हालचाल जाना और गौशाला में उपलब्ध व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया। उन्होंने गौशाला प्रबंधन को निर्देशित किया कि सभी गोवंशों को नियमित रूप से हरा चारा, पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ पेयजल तथा स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराया जाए, जिससे उनके स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़े। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से भी अपील की कि यदि कहीं सड़क दुर्घटना में कोई गोवंश घायल अवस्था में दिखाई दे तो उसे असहाय छोड़ने के बजाय निकटतम गौशाला या संबंधित प्रशासनिक एवं पशुपालन विभाग को तत्काल सूचना दें, ताकि समय रहते उसका उपचार और समुचित देखभाल सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि घायल गोवंशों की सेवा और संरक्षण सामाजिक दायित्व भी है तथा सभी के सहयोग से ही उन्हें नया जीवन दिया जा सकता है।

# कालपी में मारपीट व फायरिंग का आरोप, पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराने की लगाई गुहार

( यंग भारत न्यूज )



**कालपी ( जालौन )।** कोतवाली कालपी क्षेत्र के ग्राम मैनपुर निवासी प्रमोद कुमार दीक्षित ने क्षेत्राधिकारी कालपी को शिकायती पत्र देकर गांव के कुछ लोगों पर मारपीट, पथराव और फायरिंग करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

शिकायती पत्र के अनुसार, 3 जुलाई 2026 की रात करीब 10 बजे प्रमोद कुमार दीक्षित अपने घर के बाहर बैठे थे। तभी गोली चलने की आवाज सुनाई दी। आरोप है कि इसी दौरान गांव के वीरेंद्र दीक्षित उर्फ कल्लू ने लाठी से हमला कर दिया, जबकि उसके साथ मौजूद अभिषेक उर्फ छोटू ने पथराव किया, जिससे उनके दाहिने हाथ में चोट आई। पीड़ित का कहना है कि शोर सुनकर उनका पुत्र अतुल दीक्षित और आसपास के लोग बाहर निकल आए, जिसके बाद आरोपी मौके से भाग गए। घटना की सूचना 112 नंबर पर दी गई। आरोप है कि पुलिस उन्हें और उनके पुत्र को थाने ले गई, जहां कई घंटे बैठाए रखने के बावजूद उनकी तहरीर पर एफआईआर दर्ज नहीं की गई। बाद में उन्हें घर भेज दिया गया। पीड़ित ने क्षेत्राधिकारी से मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई कराने की मांग की है। यह समाचार शिकायत पत्र में लगाए गए आरोपों पर आधारित है। संबंधित पक्ष या पुलिस का आधिकारिक पक्ष प्राप्त होने पर उसे भी प्रमुखता से प्रकाशित किया जाएगा।

# जालौन में मतदेय स्थलों की संशोधित सूची प्रकाशित, 13 जुलाई तक दर्ज करा सकेंगे आपत्ति व सुझाव

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देशानुसार मतदेय स्थलों का भौतिक सत्यापन कराने के बाद 45-जालौन (अजा) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले 219-माधौगढ़, 220-कालपी एवं 221-उरई (अजा) विधानसभा क्षेत्रों के मतदेय स्थलों का सम्भाजन एवं समायोजन कर संशोधित आलेख्य सूची 4 जुलाई 2026 को प्रकाशित कर दी गई है।

उन्होंने बताया कि मतदेय स्थलों का पुनर्गठन 1200 मतदाताओं की सीमा, भवन के जर्जर होने, मतदेय स्थल की दो किलोमीटर से अधिक दूरी होने तथा 300 से कम मतदाता होने जैसे मानकों के आधार पर किया गया है। प्रकाशित सूची तहसील माधौगढ़, जालौन, कोंच, कालपी, उरई तथा जिला निर्वाचन कार्यालय में कार्यालय दिवस एवं कार्यालय समय के दौरान निःशुल्क निरीक्षण के लिए उपलब्ध रहेगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि यदि किसी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के प्रतिनिधि अथवा अन्य संबंधित व्यक्ति को प्रकाशित सूची में दर्ज किसी प्रविष्टि या मतदेय स्थल के संबंध में कोई आपत्ति, शिकायत या सुझाव देना हो, तो वह 13 जुलाई 2026 तक संबंधित उपजिलाधिकारी, तहसीलदार अथवा जिला निर्वाचन कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर सकते हैं।

# राजकीय मेडिकल कॉलेज का जिलाधिकारी ने किया औचक निरीक्षण, मरीजों से सीधे संवाद कर परखी स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता

( यंग भारत न्यूज )



- पूछताछ केंद्र को अधिक उपयोगी बनाने और आकस्मिक चिकित्सा कक्ष में पारदर्शिता बढ़ाने के दिए निर्देश
- मेडिकल में धांधल गर्दी संबंधी 'यंग भारत ने प्रसारित खबर का असर

**उरई ( जालौन )।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने आज राजकीय मेडिकल कॉलेज का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं, मरीजों को उपलब्ध सुविधाओं तथा व्यवस्थाओं का गहन जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने इमरजेंसी व वार्डों का भ्रमण किया और भर्ती मरीजों एवं उनके तीमारदारों से सीधे संवाद कर उपचार, दवाओं की उपलब्धता, चिकित्सकीय सेवाओं तथा अस्पताल की व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

जिलाधिकारी ने अस्पताल परिसर में संचालित पूछताछ केंद्र का भी अवलोकन किया। उन्होंने पाया कि पूछताछ केंद्र पर तैनात कर्मचारियों के नाम, पदनाम एवं मोबाइल नंबर प्रदर्शित नहीं किए गए हैं। इस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि पूछताछ केंद्र पर कर्मचारियों का नाम, पदनाम एवं मोबाइल नंबर स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किया जाए, ताकि मरीजों एवं उनके परिजनों को आवश्यक जानकारी आसानी से प्राप्त हो सके तथा संबंधित चिकित्सक या विभाग तक पहुंचने में किसी प्रकार की असुविधा न हो।जिलाधिकारी ने आकस्मिक चिकित्सा अधिकारी (इमरजेंसी मेडिकल ऑफिसर) कक्ष का भी निरीक्षण किया और वहां पारदर्शिता एवं बेहतर निगरानी व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कक्ष में पारदर्शी ग्लास लगाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल में मरीजों को बेहतर, त्वरित एवं सुगम स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) डॉ. प्रशांत निरंजन, वित्त नियंत्रक आशुतोष चतुर्वेदी सहित अन्य चिकित्सक एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# भक्तों ने मनाया बागेश्वर धाम सरकार का जन्मदिन

## सेवा का संकल्प लेकर गरीबो को कराया भोजन,बच्चो को बांटी पुस्तके





( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** नगर में शनिवार सुबह गांधी नगर स्थित दरिद्र नारायण सेवा समिति परिसर में बागेश्वर धाम सरकार के पीठाधीश्वर एवं विश्व विख्यात कथावाचक पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के जन्मोत्सव के अवसर पर भव्य ज्ञान दान ध्यान महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन बागेश्वर धाम सरकार शिष्य मंडल द्वारा किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु और अनुयायी शामिल हुए। पूरे आयोजन के दौरान धार्मिक और आध्यात्मिक वातावरण बना रहा।

आयोजक मंडल ने बताया कि महोत्सव का उद्देश्य समाज में ज्ञान, सेवा और आध्यात्मिक चिंतन की भावना को मजबूत करना है। कार्यक्रम में धार्मिक अनुष्ठानों के साथ-साथ जरूरतमंद एवं असहाय लोगों की सेवा से जुड़े कार्य भी किए गए। उपस्थित लोगों ने सनातन संस्कृति के मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने तथा सामाजिक समरसता और सेवा भाव को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि आध्यात्मिकता केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के कमजोर और जरूरतमंद वर्ग की सेवा भी उसका महत्वपूर्ण अंग है। इसी भावना के साथ जन्मोत्सव को सेवा और जनकल्याण से जोड़ते हुए कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने भक्ति, ध्यान और सेवा के माध्यम से पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के जन्मोत्सव को श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया। आयोजन के दौरान गरीबों को खाना खिलाया व बच्चों को स्टेशनरी वितरित की गई उपस्थित लोगों ने सनातन संस्कृति के संरक्षण और समाज में सकारात्मक संदेश प्रसारित करने का भी आह्वान किया। इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद के जिलामंत्री आचार्य तेजस, पालिकाध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता, भाजपा नगर अध्यक्ष अंजू अग्रवाल,कोषाध्यक्ष अनिल कपूर, शिवसिंह कुशवाहा, महेंद्र चन्देरिया, चतुर्भुज चन्देरिया, सुमित अग्रवाल, श्यामजी शर्मा, महेंद्र सोनी, राहुल बाबू, नीरज सोनी, अतुल मिश्रा, रामू अग्रवाल, गौरव सहित अनेक गणमान्य नागरिक, कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु मौजूद रहे। आयोजन का समापन सभी के कल्याण और समाज में सेवा, सद्भाव तथा आध्यात्मिक जागरूकता की कामना के साथ हुआ।

# टीम ने 4 विक्रेताओं से अलग-अलग स्थानों पर दूध के भरे सैंम्पुल

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी-उरई।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने कार्यवाही करते हुये चैकिंग अभियान चलाया। इस दौरान 4 अलग-अलग स्थानों से दूध के नमूने भर कर राजकीय प्रयोगशाला में भेज दिया।

शनिवार को आमजन को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम जोल्हूपुर व कंदौला में दिन भर लगातार सक्रिय है। बदलते मौसम में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा 4 विक्रेताओं के मिक्स दूध का नमूना भरने की कार्यवाही की।



सभी नमूनों का परीक्षण हेतु प्रयोगशाला भेजा दिया गया। तहसील के खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत दोषी पाए जाने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत विधिक कार्यवाही की जाएगी। विभागीय टीम द्वारा यह अभियान लगातार जारी रहेगा। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी खाद्य सुरक्षा अधिकारी कन्हैया लाल यादव, अनिल कुमार शंखवार तथा महेश प्रसाद उपस्थित रहें।

# पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी

## साइबर ठगी एवं फर्जीवाड़े के मामले में छै वर्ष से बंचित चल रहे बिहारी आरोपी दबोचा

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** कोतवाली पुलिस को लंबे समय से साइबर ठगी और फर्जीवाड़े मामले में लंबे समय से वंचित चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली कोंच में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 163/2020 के तहत वांछित अभियुक्त संजय रविदास पुत्र सीताराम रविदास, निवासी ग्राम महमदपुर, थाना औगारी, जनपद नालंदा (बिहार) को पुलिस ने शनिवार, 4 जुलाई 2026 को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता लागू होने से पूर्व दर्ज भारतीय दंड संहिता की धाराएं 419, 420, 465, 467, 468, 471, 120-बी तथा आईटी एक्ट की धारा 66 सी और 66 डी के अंतर्गत मामला दर्ज है। आरोपी पर धोखाधड़ी, जालसाजी, फर्जी दस्तावेज तैयार करके उनका इस्तेमाल करने तथा साइबर माध्यम से ठगी करने जैसे गंभीर आरोप हैं।गिरफ्तारी की कार्रवाई निरीक्षक राकेश कुमार पांडेय के नेतृत्व में की गई। पुलिस टीम ने लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले से जुड़े अन्य तथ्यों की भी जांच की जा रही है तथा आवश्यकता पड़ने पर अन्य आरोपियों की भूमिका की भी पड़ताल की जाएगी। इस गिरफ्तारी को कोंच पुलिस की महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

# अब कोंच से 19 वर्षीय युवती को भगा ले गया शोहदा

- मां ने एफआईआर दर्ज करने की लगाई गुहार
- लगातार भगाई जा रही है किशोरी और युवतियां, पुलिस समय रहते नही कर पाती बरामद
- अस्मत लुटाकर वो अपनी खुद आ जाती है वापस



( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** कोतवाली क्षेत्र में एक महिला ने अपनी 19 वर्षीय पुत्री के लापता होने के मामले में शनिवार को क्षेत्राधिकारी परमेश्वर प्रसाद से न्याय की गुहार लगाई है।पीड़िता का आरोप है कि 30 जून 2026 को दोपहर करीब तीन बजे वह अपनी बेटी को बस स्टैंड लेकर गई थी। इसी दौरान वह पानी पीने चली गई।काफी समय बीत जाने के बाद वह वापस नही लौटी काफी खोजबीन की लेकिन उसकी पुत्री वहां नहीं मिली। आसपास मौजूद लोगों से जानकारी करने पर पता चला कि कुछ लोगों कथित रूप से युवती को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गए।महिला का कहना है कि उसकी पुत्री सोने की चेन, कानों के आभूषण तथा चांदी की पायल पहने हुए थी।

उसे आशंका है कि बेटी के साथ कोई अप्रिय घटना हो सकती है। पीड़िता का यह भी आरोप है कि उसने 1 जुलाई 2026 को स्थानीय कोतवाली में लिखित शिकायत की थी, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। कार्रवाई न होने से परेशान महिला ने अब सीओ को प्रार्थना पत्र देकर मामले की निष्पक्ष जांच कराने, युवती की सकुशल बरामदगी सुनिश्चित करने तथा दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई करने की मांग की है।वही कोतवाली पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# रेंढर से सदूपुरा सड़क मार्ग की हालत हो गई खस्ता

## पिछड़े क्षेत्र की बात कोई नही सुनता

( यंग भारत न्यूज )



**कुठौंदा ( जालौन )** कुठौदा क्षेत्र की ग्राम पंचायत रेंढर से सदूपुरा की ओर गये सड़क मार्ग का हाल बेहाल है सड़क मार्ग में गहरे-गहरे गड्ढे खाई और तालाब नुमा हो गये सड़क मार्ग पर वाहन से सफर तो छोड़ो पैदल निकलना भी लोहे के चने के बराबर है जरा सी वारिश हुई तो सड़क मार्ग के गड्ढे कीचड़ और पानी में तब्दील होकर आवागमन को पूरी तरह से बंद कर देते हैं ऐसे में राहगीरों को उक्त सड़क मार्ग पर चलना दूभर हो जाता है जबकि यह सड़क मार्ग रेंढर से कोंच उरई नदीगांव ही नहीं मध्यप्रदेश के भिंड दतिया ग्वालियर को भी जोड़ता है लोक निर्माण विभाग की अनदेखी के चलते उक्त सड़क मार्ग का खस्ता हो गया ऐसा न हो नोएडा की घटना की पुनरावृत्ति उक्त सड़क मार्ग पर न हो जाए फिलहाल अनहोनी हो को टालने के लिए शासन प्रशासन को धृतराष्ट्र की निद्रा से जागना वहीं गांधारी जैसी आंख मिचौली से पीडीडब्लूडी विभाग को आगे आना होगा फिलहाल ग्रामीणों की मानें तो महेश चंद्र पांडेय सिंचाई बंधु उपाध्यक्ष भगवती प्रसाद पांडेय वरिष्ठ अधिवक्ता चित्रांगद पांडेय पूर्व प्रधान रेंढर श्याम सुमिरन चतुर्वेदी श्यामजी शर्मा केके रजक प्रधान रेंढर डा व्यास आदि उक्त सड़क मार्ग को निर्मित कराए जाने की मांग की है जिससे राहगीरों की राह सुगम हो जाए

# बाइक की आमने-सामने टक्कर में किशोर गंभीर घायल, परिजनों ने एफआईआर दर्ज कराने की लगाई गुहार

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी ( जालौन )।** थाना क्षेत्र के ग्राम लुहरगांव के पास 27 जून की सुबह हुई सड़क दुर्घटना में एक किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल के परिजनों ने अब थाना कालपी में तहरीर देकर आरोपित बाइक चालक के खिलाफ प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित पक्ष के अनुसार, 27 जून को सुबह करीब 10:30 बजे रिषु कुमार अपनी बाइक (डीएल 5एस डीबी 5609) से अपने रिश्तेदार कौशल को लेकर लुहरगांव से कालपी जा रहा था। आरोप है कि नाले के पास सामने से आ रही बजाज मोटरसाइकिल को अमित प्रनामी पुत्र विनोद प्रनामी निवासी लुहरगांव तेज गति और लापरवाही से चला रहा था। उसके साथ पप्पू सविता पुत्र रामआसरे सविता तथा उसकी पुत्री सोनी भी सवार थे। आरोप है कि उनकी बाइक ने रिषु कुमार की बाइक में टक्कर मार दी, जिससे कौशल गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों का आरोप है कि दुर्घटना के बाद अमित प्रनामी मौके से बाइक लेकर फरार हो गया। घायल कौशल को तत्काल निजी वाहन से राजकीय मेडिकल कॉलेज उरई ले जाया गया, जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे लाला लाजपत राय (हैलट) अस्पताल, कानपुर रेफर कर दिया। परिजनों के अनुसार, घायल का उपचार अभी भी हैलट अस्पताल में चल रहा है। घायल के चाचा कृष्ण स्वरूप पुत्र भूप सिंह निवासी ग्राम लुहरगांव ने थाना कालपी में प्रार्थना पत्र देकर आरोपित चालक के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की मांग की है। समाचार लिखे जाने तक मुकदमा दर्ज होने की पुष्टि नहीं हो सकी थी। पुलिस का कहना है कि प्रार्थना पत्र के आधार पर मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# एनसीआर के वांछित आरोपी को पकड़ने गई पुलिस टीम पर हमला

## सिपाही को मारपीट कर बनाया बंधक; तीन सगे भाई गिरफ्तार

( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** जनपद के सिरसाकलार थाना क्षेत्र में एनसीआर के एक वांछित आरोपी को गिरफ्तार करने गई पुलिस टीम पर आरोपियों और उनके परिजनों ने हमला कर दिया। हमलावरों ने एक कांस्टेबल को घर के भीतर करीब 20 मिनट तक बंधक बनाकर लाठी-डंडों और अन्य हथियारों से बेरहमी से पीटा, जबकि दूसरा सिपाही छत से कूदकर किसी तरह जान बचाते हुए थाने पहुंचा और घटना की सूचना दी।

सूचना मिलते ही सिरसाकलार थाना पुलिस एवं अन्य पुलिस बल मौके पर पहुंचा। पुलिस ने घर को घेरकर बंधक बनाए गए घायल सिपाही को सुरक्षित बाहर निकाला और उपचार के लिए अस्पताल भेजा। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने आरोपी मजीद, रफीक और सफीक तीनों सगे भाइयों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, कांस्टेबल सौरभ पटेल अपने एक साथी के साथ एनसीआर के वांछित आरोपी मजीद पुत्र सफी उल्ला को हिरासत में लेने उसके घर पहुंचे थे। आरोप है कि घर में मौजूद महिलाओं ने दरवाजा बंद कर दिया, जिसके बाद मजीद और उसके दोनों भाइयों ने सौरभ पटेल पर लाठी-डंडों व पटकड़े से हमला कर दिया और उन्हें बंधक बना लिया। घायल सिपाही सौरभ पटेल ने बताया कि यदि समय रहते पुलिस मौके पर नहीं पहुंचती तो आरोपी उनकी हत्या भी कर सकते थे। घटना में उन्हें गंभीर चोटें आई हैं, जिनका चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया है। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध सरकारी कार्य में बाधा, पुलिस कर्मियों पर हमला, बंधक बनाने सहित अन्य संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। अधिकारियों का कहना है कि पूरे मामले की गहन जांच की जा रही है तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। दिनदहाड़े पुलिस टीम पर हुए इस हमले ने कानून-व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस घटना के सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

# 24 घंटे के भीतर अंधे कत्ल का खुलासा, पिता-पुत्र गिरफ्तार

( यंग भारत न्यूज )

**उरई / रामपुरा।** रामपुरा थाना पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर हत्या की सनसनीखेज वारदात का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी, शव के पास फेंके गए कपड़े तथा अन्य साक्ष्य भी बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार 3 जुलाई को थाना क्षेत्र के ग्राम नगरा निवासी नरेंद्र सिंह का शव खेत में मिलने के बाद अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था। घटना के खुलासे के लिए पुलिस टीम गठित कर जांच शुरू की गई। पूछताछ में गिरफ्तार आरोपी तनु सिंह उर्फ बब्लू तथा उसके पिता रतन सिंह ने बताया कि पुरानी रंजिश और पारिवारिक विवाद के चलते उन्होंने सो रहे नरेंद्र सिंह की कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या कर दी। वारदात के बाद शव के पास पहने हुए कपड़े फेंककर मौके से फरार हो गए थे। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी और अन्य साक्ष्य बरामद कर लिए। दोनों के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया गया। रामपुरा पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से 24 घंटे के भीतर अंधे कत्ल का सफल अनावरण हो गया।

# प्रेम विवाह के बाद तहसील परिसर के बाहर हंगामा, दो महिलाओं में मारपीट का वीडियो वायरल

( यंग भारत न्यूज )

**माधौगढ़ ( जालौन )।** माधौगढ़ तहसील क्षेत्र में गुरुवार को उस समय हंगामे की स्थिति बन गई जब प्रेम विवाह करने वाली युवती के बयान दर्ज कराने के दौरान दोनों पक्षों की महिलाओं के बीच कहासुनी मारपीट में बदल गई। घटना का वीडियो किसी व्यक्ति ने बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया, जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सिंटौली गांव निवासी एक युवती ने अपनी इच्छा से जालौन निवासी युवक के साथ प्रेम विवाह कर लिया था। बताया जाता है कि दोनों ने कोर्ट मैरिज करने के बाद कानूनी प्रक्रिया पूरी करने हेतु माधौगढ़ तहसील पहुंचकर बयान दर्ज कराने की तैयारी की थी।

इसी दौरान युवती की मां भी अपनी बेटी से मिलने तहसील पहुंच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवती की मां और युवक पक्ष की महिलाओं के बीच किसी बात को लेकर तीखी नोकझोंक शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और दोनों पक्षों में गाली-गलौज तथा हाथापाई होने लगी। मौके पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव का प्रयास किया, लेकिन कुछ देर तक माहौल तनावपूर्ण बना रहा। घटना के दौरान तहसील परिसर के बाहर बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए। बताया जाता है कि युवक पक्ष की ओर से मौजूद कुछ अधिवक्ताओं ने विवाह से संबंधित दस्तावेज दिखाते हुए अपना पक्ष रखा, जबकि दूसरे पक्ष के लोग भी अपनी बात रखने लगे। इससे मौके पर बहस का माहौल और गर्म हो गया। सूचना मिलने पर माधौगढ़ कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अभिलाष मिश्रा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाने-बुझाने का प्रयास किया और स्थिति को नियंत्रित किया। काफी देर तक चली बातचीत और समझाइश के बाद मामला शांत कराया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घटना के दौरान करीब एक सैकड़ा लोग मौके पर एकत्र हो गए थे, जिससे तहसील परिसर के आसपास अफरा-तफरी जैसी स्थिति बन गई थी। फिलहाल वायरल वीडियो को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं।

# संदिग्ध स्थिति में मानसिक तनाव से जूझ रहे युवक ने की आत्महत्या, पुलिस जांच में जुटी

( यंग भारत न्यूज )



**उरई।** माधौगढ़ कोतवाली क्षेत्र के रामभेदपुरा गांव में मानसिक तनाव से जूझ रहे 28 वर्षीय युवक ने कथित रूप से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले की जांच जारी है। परिजनों के अनुसार, रामभेदपुरा निवासी राजवीर पिछले कुछ समय से मानसिक तनाव में थे। शुक्रवार शाम करीब चार बजे वह घर के एक कमरे में चले गए। काफी देर तक बाहर नहीं आने पर परिजनों ने आवाज लगाई, लेकिन अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। आशंका होने पर जब परिजनों ने दरवाजा खोला तो युवक कमरे में फंदे से लटका मिला। यह दृश्य देखकर परिवार में चीख-पुकार मच गई और आसपास के ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही माधौगढ़ कोतवाली पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने परिजनों व स्थानीय लोगों से पूछताछ कर घटना के कारणों की जानकारी जुटानी शुरू कर दी है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अभिलाष मिश्रा ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद मृतक के परिवार में शोक का माहौल है

# आकाशवाणी छतरपुर से कालपी के कवियों के तरानों का हुआ प्रसारण

( यंग भारत न्यूज )




**कालपी-उरई।** शनिवार को आकाशवाणी छतरपुर के विशेष साहित्यिक कार्यक्रम के अंतर्गत एतिहासिक नगरी कालपी के कवियों के तरानों एवं काव्य रचनाओं का प्रसारण किया गया। रेडियो के मंच से स्थानीय रचनाकारों की प्रस्तुति प्रसारित होने पर नगर के साहित्यकारों एवं साहित्य प्रेमियों में खुशी जताई है।शनिवार को छतरपुर आकाशवाणी स्टेशन से अलग इंडिया रेडियो पर प्रसारित कार्यक्रम में कालपी के कवियों शायरों निजाम हुसैन फिदा, शमीम अख्तर,अतीक खां सर, फहीम आलम ने राष्ट्रभक्ति, गीत ,ग़ज़ल,सामाजिक सरोकार, मानवीय संवेदनाओं तथा सांस्कृतिक विरासत पर आधारित अपनी रचनाओं का पाठ्य प्रस्तुत किया। शायरों कवियों की सशक्त प्रस्तुति को श्रोताओं ने सराहा।शायर एवं इस्लामिक जूनियर हाईस्कूल कालपी के प्रधानाचार्य निजाम हुसैन फिदा ने कहा कि आकाशवाणी के राष्ट्रीय प्रसारण मंच पर कालपी के कवियों को स्थान मिलना पूरे क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। इससे स्थानीय साहित्यिक प्रतिभाओं को नई पहचान मिलने के साथ युवा कवियों तथा शायरों का उत्साह वर्धन होगा साथ ही प्रोत्साहन मिलेगा। एतिहासिक एवं धर्म नगरी कालपी के साहित्य प्रेमियों तथा नागरिकों ने प्रसारण की सराहना की है।

# हाथ लगाया तो मर्डर करा दूंगी; सुहागरात पर दुल्हन ने धमकाया, डरे-सहमे दूल्हे ने प्रेमी के साथ भेजा

**( यंग भारत न्यूज )**



**हापुड़।** यूपी के हापुड़ से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। जहां शादी के बाद सुहागरात पर दुल्हन ने दुल्हे को धमकी दे डाली कि अगर हाथ लगाया तो हत्या करा देगी। उधर, डरे सहमे पति ने दुल्हन के आशिक को बुलाया और उसके साथ भेज दिया। ये मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। यह मामला मशहूर फिल्म हम दिल दे चुके सनम की कहानी से थोड़ा मिलता जुलता है। हापुड़ निवासी एक युवक की शादी हाल ही में मेरठ निवासी युवती से हुई। सुहागरात पर ही नवविवाहिता ने कह दिया कि वह किसी और की अमानत है, अगर हाथ लगाया तो हत्या करा दूंगी। यह सुनते ही पति हैरान रह गया। नवविवाहिता के परिजनों को इस बारे में बताया तो उन्होंने भी कुछ खास प्रतिक्रिया नहीं की। आखिरकार शादी के तीन दिन बाद पति ने युवती के प्रेमी को बुलाया और उसे युवती को सौंप दिया। शुक्रवार को युवक और उसका पिता महिला थाने पहुंचे और पूरा वाकया बताते हुए भविष्य में उनके साथ कोई घटना न हो इसे लेकर गुहार लगाई।


महिला थाने में शुक्रवार को पहुंचे युवक के पिता ने बताया कि मेरठ के एक गांव की रहने वाली युवती की शादी, उनके बेटे से 25 जून 2026 को हुई थी। महिला थाने में दिए शिकायती पत्र में युवती के पति ने बताया कि सुहागरात में ही दुल्हन ने उससे कह दिया कि वह किसी और की अमानत है और उस पर सिर्फ उसी का हक है। इसके बाद से वह लगातार फोन पर किसी से पूरे परिवार के सामने बात करती थी। नवविवाहिता ने धमकी दी कि अगर उसको हाथ लगाया तो वह हत्या करा देगी। पुलिस को दिए शिकायती पत्र में उल्लेख किया है कि इस बारे में जब युवती के परिजनों को फोन पर बताया तो उन्होंने कह दिया कि हमारी बेटी को यहां छोड़ जाओ। युवक पक्ष के लोगों ने इस तरह भेजने से मना कर दिया। युवक ने बताया कि 25 जून को शादी हुई और 28 जून को उसने अपनी पत्नी को उसके प्रेमी के साथ भेज दिया। इस मामले में महिला थाना प्रभारी अरुणा राय ने बताया कि युवती किसी अन्य युवक से प्रेम करती थी, जबकि परिजनों ने शादी हापुड़ में करा दी। भविष्य में कोई घटना न हो, इसके लिए युवक ने थाने पहुंचकर सूचना दी। युवती अपने प्रेमी के साथ चली गई है। दोनों पक्षों का मामला शांति से निपट गया है।

# साली साहिबा के साथ सुहागरात मनाना चाहता था रंगीला जीजा, बीवी ने किया इंकार तो दी ऐसी सजा, कांप जाएगा आपका दिल

**( यंग भारत न्यूज )**

जिले में एक मानवता और रिश्तों को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। मेरठ में एक युवक ने अपनी पत्नी को तेजाब पिला दिया। गंभीर हालत में नवविवाहिता को इलाज के लिए अस्पताल में एडमिट करवाया गया। जहां पर इलाज के दौरान नवविवाहिता की मौत हो गई है। अब इस मामले में नवविवाहित के मायकेवालों ने पुलिस को शिकायत दी है। फिलहाल आरोपी फरार है, जिसकी तलाश के लिए पुलिस ने टीम का गठन किया है।

पुलिस ने बताया कि मेरठ के परीक्षितगढ़ थाना क्षेत्र में स्थित अमरसिंह गांव में रहीमुद्दीन अपने परिवार के साथ रहता है। रहीमुद्दीन ने करीब डेढ़ साल पहले अपनी बेटी मुस्कान की शादी लोहियानगर में नासिर से करवा दी थी। रहीमुद्दीन का आरोप है कि शादी के बाद



से ही मुस्कान को नासिर परेशान कर रहा था और प्रताड़ित करते हुए दहेज की डिमांड कर रहा था। मुस्कान के परिजनों का आरोप है कि करीब 2 महीने पहले नासिर ने अपनी पत्नी पर 16 साल की साली से निकाह करने का दबाव बनाया, लेकिन मुस्कान ने इसके लिए इंकार कर दिया। मुस्कान के परिजनों का आरोप है कि नासिर अपनी 16 साल की साली के साथ शादी करना चाहता था। इसी को लेकर विवाद हो गया। परिजनों का आरोप है कि दोनों पति-पत्नी के बीच विवाद होता रहता था। मुस्कान के मायके वालों का आरोप है कि इसी बात से नाराज होकर नासिर ने मुस्कान को तेजाब पिला दिया, जिससे उसकी हालत खराब हो गई और गंभीर हालत में अस्पताल में एडमिट करवाया।

जहां पर इलाज के दौरान मुस्कान की मौत हो गई है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर तत्काल मुकदमा दर्ज किया और जांच शुरू कर दी है। फिलहाल नासिर फरार है और उसकी तलाश के लिए टीम का गठन किया गया है। पुलिस का कहना है कि जल्द आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा।

# ब्यूटी पार्लर में 'शर्मनाक खेल' का पर्दाफाश: पीने के पानी में संदिग्ध पदार्थ मिलाते रंगे हाथ पकड़ा गया मालिक, महिला स्टाफ ने चप्पलों से सूता!

**( यंग भारत न्यूज )**

राजस्थान के चुरू जिले के सादुलपुर स्थित एक ब्यूटी पार्लर में संचालक को पीने के पानी में संदिग्ध पदार्थ मिलाते हुए देखा गया. इस घटना के बाद ब्यूटी पार्लर में बड़ा विवाद खड़ा हो गया और वहां काम करने वाली महिला कर्मचारियों ने संचालक की चप्पलों से पिटाई कर डाली.इस घटना से जुड़े सीसीटीवी फुटेज और वीडियो के सोशल मीडिया पर वायरल होने पर लोगों का भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है. इस मामले में पुलिस में भी शिकायत दर्ज कराई गई है.



स्थानीय पुलिस को दी शिकायत में महिला कर्मचारियों ने आरोप लगाया है कि वो मार्च 2026 से ब्यूटी पार्लर में काम कर रही हैं जहां अक्सर मालिक का आना-जाना लगा रहता था. मालिक हिसाब-किताब करने के लिए पार्लर आता है था. कई बार उन्हें मालिक की मौजूदगी से असहजता भी होती थी. 27 जून को पहली बार संचालक को पानी के कैंपर में कुछ संदिग्ध पदार्थ मिलाते देखा था जिसके बाद कड़ी निगरानी की जाने लगी.मालिक ने झाड़ा पलड़ा, पुलिस कर रही जांच ब्यूटी पार्लर की महिला कर्मचारियों ने मालिक पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है. लेकिन मालिक ने सभी आरोपों को सिरे से नकार दिया है. उसका कहना है कि ब्यूटी पार्लर के बेहतर संचालन के लिए मालिक और दूसरे कर्मचारी आपसी साझेदारी से काम कर रहे थे. लेकिन पार्लर में कामकाज ठीक नहीं चल रहा था इसलिए वो बार-बार पार्लर जाता था. उसने धार्मिक आस्था के चलते कैंपर के पानी में पीली सरसों और गंगा जल मिलाने की बात को स्वीकारा है लेकिन नशीले या आपत्तिजनक पदार्थ मिलाने के आरोपों का खंडन किया है.

# भैंस दिखाने के बहाने युवती से सामूहिक दुष्कर्म

**( यंग भारत न्यूज )**

**मेरठ।** मुंडाली थाना क्षेत्र के गांव मुंडाली में एक युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। युवती का आरोप है कि वह अपने भाई के साथ दूसरे गांव से भैंस खरीदने के लिए आई थी कि इस बीच गांव के ही युवकों ने भाई-बहन को घर में बुला लिया और भाई को अलग कमरे में बंद करके तमंचे के बल पर उसके साथ बारी बारी से दुष्कर्म किया।

पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। हालांकि पुलिस ने अभी तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया है। पुलिस का कहना है कि मामला संदिग्ध लग रहा है। जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। थाना सरुरपुर क्षेत्र की रहने वाली युवती ने बताया कि थाना क्षेत्र के गांव मुंडाली में उसके भाई की दो युवकों से भैंस खरीदने की बात चल रही थी। दोनों ही आरोपी डेरी का




काम करते हैं। दो दिन पूर्व वह अपने भाई के साथ भैंस खरीदने के लिए मुंडाली आई थी। उस वक्त डेरी पर मौजूद दो युवकों ने भाई-बहन को भैंस दिखाने के बहाने के घर में बुला लिया और दरवाजा बंद कर दिया। बाद में जबरन उसके भाई को कमरे में बंद कर दिया। विरोध करने पर उसे जान से मारने की धमकी दी। बाद में दोनों युवकों ने बारी-बारी से तमंचे के बल पर आतंकित कर सामूहिक दुष्कर्म किया। बाद में दोनों को किसी से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी और बदहवास हालत में घर से भगा दिया। बाद में भाई-बहन किसी तरह थाने पहुंचे और मामले की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने इस मामले में रिजवान पुत्र समशेर और मारुफ पुत्र यामीन के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। हालांकि थाना प्रभारी देवेन्द्र कुमार मिश्र का कहना है कि मामला संदिग्ध लग रहा है। पीड़िता की तहरीर पर उक्त आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। जांच की जा रही रही है। जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

अभी किसी आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। पीड़ित पक्ष का कहना है कि घटना के बाद ही वह अपनी बेटी को लेकर थाने पहुंचे थे और मामले की जानकारी देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी, लेकिन पुलिस ने उनकी एक न सुनी और उन्हें इधर-उधर की बात कहकर थाने से टरका दिया। बाद में उन्हें इसकी शिकायत उच्च अधिकारियों से की, तो पुलिस हरकत में आई और आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया।

# गाजियाबाद में 9 साल की बच्ची को अगवा कर रेप, मुस्लिम आरोपी का परिवार घर छोड़कर फरार

**( यंग भारत न्यूज )**

**मुरादनगर।** थानाक्षेत्र के एक गांव में पड़ोस में रहने वाले मुस्लिम समुदाय के एक नाबालिग लड़के ने पांचवीं कक्षा में पढ़ने वाली नौ साल की बच्ची को अगवा कर उससे रेप किया। शिकायत करने पर आरोपी पक्ष ने बच्ची के परिजनों के साथ मारपीट भी की।



आरोपी का एनकांउटर और घर पर बुलडोजर चलाने की मांग को लेकर हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने थाने पर हंगामा किया। आरोपी का परिवार घर पर ताला लगाकर फरार हो गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। मुरादनगर के गांव निवासी व्यक्ति की नौ साल की बच्ची गुरुवार दोपहर तीन बजे घर के बाहर खेल रही थी। आरोप है कि पड़ोस में रहने वाला किशोर मौके पर आया और खेल रहे बच्ची से काफी देर तक बातें करता रहा। इसके बाद मौका पाकर आरोपी किशोर बच्ची को अगवा कर अपने घर की छत पर ले गया और बच्ची से रेप किया। जब आरोपी किशोर गलत काम कर रहा था तो बच्ची की ताई ने देख लिया। ताई ने किशोर को रंगेहाथ पकड़कर बच्ची की दादी को सूचना दी। जब बच्ची की दादी वहां पर पहुंची तो आरोपी मौके से फरार हो गया। बदहवाश स्थिति में बच्ची को मकान की छत से नीचे उतारा और स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। आरोप है कि आरोपी के परिजनों ने बच्ची की दादी और पिता के साथ अभद्रता व मारपीट की। गुरुवार देर रात परिजन मुरादनगर थाने पहुंचे और तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने बच्ची को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया। आरोपी दूसरे समुदाय से संबंध रखता है, जिस कारण गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है। तनाव को देखते हुए गांव में पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई है। बच्ची के साथ रेप की सूचना मिलते ही हिंदू संगठन के कार्यकर्ता शुक्रवार को एकत्र होकर मुरादनगर थाने पहुंचे और जमकर हंगामा किया। उनकी मांग थी कि आरोपी और उसके परिजनों का एनकांउटर किया जाए और घर पर बुलडोजर चलाया जाए। शुक्रवार दोपहर करीब तीन बजे भाजपा नेत्री उदिता त्यागी महिलाओं के साथ मुरादनगर थाने पहुंची और आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की। इसी बीच थानाप्रभारी कक्ष में बैठे पूर्व प्रधान ने आरोपी को मासूम बता दिया। इस बात को लेकर पूर्व प्रधान व उदिता त्यागी के बीच नोंकझोक हो गई। थानाप्रभारी ने किसी तरह मामला शांत कराया। हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने पुलिस को चेतावनी दी है कि यदि 24 घंटे के अंदर आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया तो थाने का घेराव किया जाएगा। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि पुलिस मामले में यदि दबाव में कार करेगी तो वह पीड़ित को न्याय दिलाने तक शांत नहीं बैठेंगे। बच्ची से दुष्कर्म करने के बाद गांव में आक्रोश फैल गया। इसके बाद सैकड़ों ग्रामीण एकत्र हो गए और हंगामा करने लगे। इसी बीच आरोपी का परिवार अपने घर का ताला लगाकर गांव से फरार हो गया। दरअसल पीड़िता और आरोपी का घर की दीवार मिली हुई है।

# चमचमाती कार, 1 घंटा और 80 लाख. चाची ने दिया ऐसा घिनौना ऑफर, भतीजी ने करवा दी एफआईआर

**( यंग भारत न्यूज )**

**गाजीपुर।** प्रदेश के गाजीपुर जिले के दुल्लहपुर थाना क्षेत्र से एक बेहद सनसनीखेज और हैरान करने वाला मामला सामने आया है. यहां एक सगी चाची ने ही चंद रुपयों के लालच में अपनी भतीजी के आत्मसम्मान का सौदा करने की कोशिश की.

चाची और गांव के एक युवक ने मिलकर युवती को महज 1 घंटे के काम के बदले 20 लाख रुपये का भारी-भरकम लालच दिया. लेकिन जब युवती को इस मोटी रकम के पीछे छिपे खौफनाक और अश्लील इरादों की भनक लगी, तो उसने इस घिनौने प्रस्ताव को ठुकरा दिया. युवती ने न सिर्फ काम करने से मना किया, बल्कि पूरी बहादुरी दिखाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज करा दी. पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी चाची और उसके साथी के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है. यह मामला दुल्लहपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले एक गांव का है. पीड़ित युवती को पिछले कई दिनों से उसकी सगी चाची और गांव का ही एक युवक लगातार प्रताड़ित और गुमराह कर रहे थे. आरोपियों ने युवती को झांसा दिया कि इस काम के लिए कुल 80 लाख का बजट तय हुआ है. इसमें से 20 लाख सीधे युवती को मिलेंगे, जबकि बाकी की रकम चाची और उसके साथी के बीच बांटी जाएगी. चाची और उसका साथी लगातार युवती पर यह सौदा मानने के लिए दबाव बना रहे थे. साथ ही उसे सख्त हिदायत दी गई थी कि इस बारे में परिवार के किसी भी



सदस्य को कानों-कान भनक नहीं लगनी चाहिए. शुरुआत में युवती को इस अजीबोगरीब ऑफर पर शक हुआ. जब उसने अपनी चाची से पूरी योजना और काम के बारे में विस्तार से पूछा, तब इस खौफनाक साजिश का पर्दाफाश हुआ. चाची ने बताया कि उसके लिए एक चार पहिया वाहन (गाड़ी) का इंतजाम किया जाएगा. उसे उस गाड़ी से पड़ोसी जिले आजमगढ़ जाना होगा और वहां सिर्फ 1 घंटा रुकने के बाद वापस लौट आना होगा. जब युवती ने अचरज जताते हुए पूछा कि आखिर 1 घंटे के भीतर ऐसा कौन सा काम है जिसके लिए कोई 20 लाख देगा? तब उसकी सगी चाची पुष्पा देवी ने अपनी गंदी सोच का खुलासा करते हुए साफ कह दिया कि वहां उसे 1 घंटे के लिए कुछ अश्लील कृत्य (गलत काम) करने होंगे. चाची के मुंह से अश्लीलता की बात सुनते ही युवती के पैरों तले जमीन खिसक गई. उसने तुरंत अपनी मर्यादा और आत्मसम्मान को चुनते हुए इस काम को करने से साफ इनकार कर दिया. इसके बाद मामला और बिगड़ गया. युवती ने घर पहुंचकर बिना डरे अपने माता-पिता और परिजनों को चाची की इस घिनौनी करतूत की पूरी सच्चाई बता दी. भतीजी के इनकार और परिवार को बात बताने से नाराज चाची पुष्पा देवी और उसका साथी सुनील राजभर आगबबूला हो गए. दोनों विवाद करते हुए सीधे युवती के घर के दरवाजे तक जा पहुंचे. आरोपियों ने घर के बाहर खड़े होकर पीड़ित युवती और उसके पूरे परिवार को सरेआम भद्दी-भद्दी गालियां दीं. जब परिवार ने विरोध किया, तो दोनों आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की सीधी धमकी भी दे डाली. इस घटना के बाद पीड़ित युवती और उसका परिवार बुरी तरह सहम गया.

हालांकि, परिजनों के हौसला बढ़ाने पर युवती दुल्लहपुर थाने पहुंची और आरोपियों के खिलाफ लिखित तहरीर दी. दुल्लहपुर थाना पुलिस ने मामले की गंभीरता और महिला सुरक्षा से जुड़े संवेदनशील इनपुट्स को देखते हुए तुरंत एक्शन लिया. पुलिस ने आरोपी चाची पुष्पा देवी और मुख्य सहयोगी युवक सुनील राजभर के खिलाफ गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी और अन्य सुसंगत कानूनी धाराओं के तहत नामजद प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज कर ली है. पुलिस टीमों का कहना है कि आरोपियों की धरपकड़ के लिए आवश्यक कानूनी कार्रवाई तेजी से शुरू कर दी गई है.

# 'हिम्मत है तो चलाओ बुलडोजर!' राम मंदिर में चोरी के आरोपी के नाना ने पुलिस को दी खुली चुनौती

**( यंग भारत न्यूज )**

**लखनऊ।** राम मंदिर में चढ़ावा चोरी होने का मामला इस समय देश भर में चर्चा का विषय बना हुआ है. इस हाई-प्रोफाइल मामले की जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है, नए-नए और चौंकाने वाले मोड़ सामने आ रहे हैं. पुलिस ने मामले के मुख्य आरोपी लव कुश मिश्रा के घर से कथित तौर पर ?14.25 लाख की भारी-भरकम नकदी बरामद की है, जिसके बाद जांच एजेंसियों ने अपनी कार्रवाई और तेज कर दी है.

एक तरफ जहां पुलिस इस बड़ी बरामदगी को केस का सबसे अहम हिस्सा मानकर चल रही है, वहीं दूसरी तरफ आरोपी के परिवार ने पुलिस की इस थ्योरी को सिरे से खारिज कर दिया है. लव कुश के परिवार ने उसे पूरी तरह निर्दोष बताते हुए पुलिसिया कार्रवाई पर ही गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं. लव कुश के नाना जगदंबा प्रसाद ने मीडिया के सामने आकर पुलिस को खुली चुनौती दे डाली है और कहा है कि उनके सीधे-साधे परिवार को इस पूरे मामले में जबरन फंसाया जा रहा है. मीडिया से बातचीत के दौरान आरोपी लव कुश के नाना जगदंबा प्रसाद ने पुलिस की बरामदगी पर सवाल उठाते हुए कहा कि पुलिस को इस बात का लिखित रिकॉर्ड देना चाहिए कि उन्हें आखिर क्या मिला है और कहां से मिला है. उन्होंने दावों को खारिज करते हुए कहा कि उनके छोटे से घर में इतनी जगह ही नहीं है, तो भला इतना सारा कैश कहां से मिलेगा? नाना ने आरोप लगाया कि पुलिस तलाशी के बहाने घर में आई थी और कुछ पुलिसकर्मी सीधे अंदर जाकर अलमारी से कुछ कागजात समेटकर चले गए. उन्होंने तंज कसते हुए पूछा कि क्या हमारे परिवार का कोई सदस्य विदेश गया है, जो हमारे पास से डॉलर मिलने की बातें फैलाई जा रही हैं? उनका कहना है कि तलाशी के बाद पुलिस ने उन्हें किसी भी तरह की लिखित रसीद या जानकारी नहीं सौंपी, जो कि नियम के खिलाफ है. लव कुश के नाना ने जांच टीम और प्रशासनिक कार्रवाई पर गुस्सा जाहिर



करते हुए कहा कि इस पूरी उलझन के लिए सरकार की एसआईटी ही जिम्मेदार है. उन्होंने भावुक होते हुए कहा कि अगर निष्पक्ष जांच में लव कुश सचमुच दोषी साबित होता है, तो वे कानून का सामना करने को तैयार हैं, लेकिन उन्हें पूरा भरोसा है कि उनका बच्चा बेकसूर है. उन्होंने प्रशासन को ललकारते हुए कहा कि अगर हिम्मत हो तो सरकार हमारे घर पर बुलडोजर चला दे. हमारे पास अपने मकान की पूरी और पक्की रजिस्ट्री है. जिसे जो गिराना है गिरा दे, लेकिन वे इन झूठे आरोपों को कभी स्वीकार नहीं करेंगे. उन्होंने बताया कि वे इस सिलसिले में सरकार और मंदिर प्रशासन दोनों से गुहार लगा चुके हैं, लेकिन फिलहाल उनकी कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है. नाना ने यह भी जानकारी दी कि लव कुश पहले गाड़ियों के शीशे फिट करने का साधारण काम करता था. इस पूरे विवाद के बीच लव कुश मिश्रा की मां ने भी अपने बेटे का खुलकर बचाव किया है. हालांकि वह मीडिया के कैमरों के सामने सीधे बाहर तो नहीं आईं, लेकिन उन्होंने घर के भीतर से ही बातचीत करते हुए साफ लफ्जों में कहा कि उनका बेटा पूरी तरह निर्दोष है. उन्होंने आरोप लगाया कि लव कुश को किसी बड़ी साजिश के तहत इस गंदे मामले में घसीटा जा रहा है. परिवार का कहना है कि उन्हें देश की न्याय व्यवस्था पर पूरा भरोसा है और गहन जांच के बाद दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा.

# अंतिम दिन नगर के 20 परीक्षा केंद्रों पर एक पाली में आयोजित हुई उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा (यूपीटीईटी)

- नकलविहीन,सुचिता और शान्तिपूर्ण तरीके से परीक्षा को सम्पन्न कराने हेतु अपर जिलाधिकारी/पुलिस अधीक्षक नगर द्वारा परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण
- जनपद के समस्त परीक्षा केन्द्रों पर सीसीटीवी कैमरे सहित वॉइस रिकॉर्डर का किया सत्यापन
- आज एक ही पाली में आयोजित टीईटी की परीक्षा में 6477 परीक्षार्थियों का था पंजीकरण, 5814 ने दी परीक्षा, 663 रहे अनुपस्थित,89.76%
- नोडल अधिकारी ने पुलिस/ प्रशासन एवं केंद्र व्यवस्थापकों के प्रति जताया आभार



( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** आज नोडल अधिकारी/अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्री शिव प्रताप शुक्ल एवं पुलिस अधीक्षक नगर श्रीमती प्रीति सिंह ने उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा (यूपीटीईटी) परीक्षा-2026 की अंतिम दिवस की लिखित परीक्षा नगर के 20 परीक्षा केंद्रों पर एक पालियों में पूर्वाहन 09.30 से 12.00 बजे तक आयोजित होने वाली परीक्षा के शांतिपूर्ण एवं सुचिता से संपन्न कराए जाने हेतु विभिन्न परीक्षा केंद्रों का भ्रमण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने परीक्षार्थियों से संवाद कर दी जा रही सुविधाओं की भी ली जानकारी।

अपर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक नगर ने संयुक्त रुप से नकल विहीन,सुचिता और शान्तिपूर्ण तरीके से परीक्षा को सम्पन्न कराये जाने हेतु नेशनल हाफिज सिद्दीकी स्कूल सहित विभिन्न परीक्षा केंद्रों का भ्रमण किया, यूपीटीईटी परीक्षा में डुप्लीकेट परीक्षार्थी किसी भी दशा में शामिल न हो, इसे सुनिश्चित करने के लिए कक्ष निरीक्षक को एडमिशन कार्ड की गंभीरता से जांचा गया। उन्होने परीक्षा के दौरान प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर पर्याप्त पुलिस व्यवस्था के अतिरिक्त पेयजल, विद्युत आपूर्ति भी सुनिश्चित किए जाने की जानकारी ली। परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करते हुए अपर जिलाधिकारी ने फ्रिस्किंग के साथ ही उनके सामान को सुरक्षित रखे जाने की व्यवस्था को देखा, उन्होंने कहा कि सारी व्यवस्थाएं निशुल्क हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी दशा में कोई भी परीक्षार्थी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस लेकर परीक्षा केंद्र में प्रवेश न करें, इसकी सावधानीपूर्वक जांच की जाए। उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा (यूपीटीईटी) -2026 प्रवेश परीक्षा नगर के 20 परीक्षा केन्द्रों पर एक पाली में संपन्न हुई। आज अंतिम दिवस दिनांक 04 जुलाई को 20 परीक्षा केंद्रों पर पूर्वाहन 09.30 से 12.00 बजे तक संपन्न हुई परीक्षा में 6477 परीक्षार्थी पंजीकृत थे परंतु 5814 परीक्षार्थी उपस्थित रहे और 663 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे । उन्होंने बताया परीक्षा केंद्र पर पूर्ण शांति और सूचिता से संपन्न कराए जाने के लिए 20 केंद्र व्यवस्थापकों को तैनात किए, इसके अतिरिक्त 20 स्टैटिक मजिस्ट्रेट तथा 20 विभागीय परीक्षकों को लगाया गया। परीक्षा नकल विहीन कराने के लिए लगातार परीक्षा केंद्रों का भ्रमण किया गया। उन्होंने नगर में सकुशल परीक्षा संपन्न होने पर पुलिस एवं प्रशासन सहित विभिन्न विद्यालयों के व्यवस्थापकों के प्रति आभार व्यक्त किया। परीक्षा केंद्रों के निरीक्षण के दौरान उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग प्रयागराज द्वारा नामित प्रेक्षक सहित नोडल अधिकारी अपर जिला अधिकारी प्रशासन श्री शिव प्रताप शुक्ल, एसपी सिटी श्रीमती प्रीति सिंह सहित परीक्षा केंद्रों के प्रधानाचार्य, केंद्र व्यवस्थापक आदि उपस्थित रहे।

# एमएसएमई आइडिया हैकाथॉन 6.0 के लिए कृषि विश्वविद्यालय में ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित

( यंग भारत न्यूज )



**झांसी।** रानी लक्ष्मीबाई केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, झांसी में विवि के इन्क्यूबेशन केन्द्र द्वारा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई), भारत सरकार की आइडिया हैकाथॉन 6.0 के संबंध में एक ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में प्रोफेसर एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ), आरएलबीसीएयू-आईसी फाउंडेशन डॉ. प्रशांत जांभुलकर तथा सहायक प्राध्यापक डॉ. तनुज मिश्रा ने प्रतिभागियों को हैकाथॉन की आवेदन प्रक्रिया, पात्रता, चयन प्रक्रिया तथा आवश्यक दिशा-निर्देशों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एमएसएमई आइडिया हैकाथॉन 6.0 देश की नवाचारी प्रतिभाओं को एक मंच प्रदान करने की महत्वपूर्ण पहल है, इसका उद्देश्य राष्ट्रीय चुनौतियों के समाधान के लिए नवीन एवं व्यवहारिक विचारों को प्रोत्साहित करना तथा भविष्य के लिए सशक्त उद्यमिता पारितंत्र का निर्माण करना है। उन्होंने बताया कि हैकाथॉन में नवीकरणीय ऊर्जा, ऊर्जा दक्षता, ऑटोमोबाइल प्रौद्योगिकी, इंडस्ट्री 4.0 एवं 5.0, रोबोटिक्स एवं स्वचालन सहित विभिन्न उभरती हुई प्रौद्योगिकियों से जुड़े नवाचारों का स्वागत किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को प्रभावी एवं मौलिक आइडिया तैयार करने तथा सफल आवेदन प्रस्तुत करने के लिए उपयोगी सुझाव भी दिए गए। विशेषज्ञों ने बताया कि प्रतियोगिता में प्राप्त प्रस्तावों का मूल्यांकन उद्योग, शिक्षण संस्थानों एवं शासन के विशेषज्ञों द्वारा निर्धारित मानकों के आधार पर किया जाएगा। चयनित नवाचारों के विकास एवं प्रोटोटाइप निर्माण के लिए संबंधित होस्ट संस्थान को प्रत्येक स्वीकृत आइडिया पर अधिकतम 15 लाख रुपये तक की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने छात्रों से मौलिक, व्यावहारिक एवं व्यापक स्तर पर लागू किए जा सकने वाले नवाचार प्रस्तुत करने का आह्वान किया। हैकाथॉन के लिए ऑनलाइन आवेदन 27 जून से 14 जुलाई 2026 तक किए जा सकते हैं। आवेदन करने के लिए इच्छुक प्रतिभागियों को पहले स्वयं का पंजीकरण करना आवश्यक होगा। कार्यक्रम में रानी लक्ष्मीबाई केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, झांसी के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में अपने अभिनव विचार प्रस्तुत करने के प्रति विशेष रुचि दिखाई तथा विशेषज्ञों से मार्गदर्शन प्राप्त किया।

# बुर्का पहनकर आए बदमाशों ने शॉप से 2 लाख लूटे

## -झांसी में 2 सिक्योरिटी गार्डों के हाथ-पैर बांधे, बाइक से भाग गए



**झांसी।** जनपद के दवा बाजार में शुक्रवार रात फिल्मी अंदाज में लूट की वारदात हुई। बाइक से आए दो बदमाश बाजार बंद होने से पहले बिल्डिंग की छत पर बने बाथरूम में जाकर छिप गए। करीब 5 घंटे बाद सुबह 3 बजे नीचे उतरे, तमंचे के बल पर दो सिक्योरिटी गार्डों को बंधक बनाया और मेडिकल स्टोर के ताले काटकर करीब 2 लाख रुपए लेकर फरार हो गए। पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। मामला नवाबाद थाना क्षेत्र का है।

दवा बाजार की तीन मंजिल की बिल्डिंग में महेश मेडिकल एजेंसी के संचालक विजय बरसैया की मेडिकल स्टोर, वेयर हाउस समेत छह दुकानें है। सारी दुकानें एक-दूसरे से इंटरलिंक्ड हैं। चोर छत से उतरकर महेश मेडिकल एजेंसी के ऑफिस का शटर गैस कटर से काटा। इसके बाद दुकान और वेयर हाउस में घुसकर चोरी को अंजाम दिया। एजेंसी मालिक ने शनिवार दोपहर करीब 3 बजे स्थानीय थाने में एफआईआर दर्ज कराई। महेश मेडिकल एजेंसी के संचालक विजय बरसैया ने बताया- वह रोज की तरह शुक्रवार रात करीब 8 बजे दुकान बंद कर घर चले गए थे। रात करीब 10 बजे दो बदमाश बाइक से पहुंचे। उन्होंने बेसमेंट में बाइक खड़ी की और लिफ्ट से छत पर पहुंचकर बाथरूम में छिप गए। सभी दुकानें बंद होने का इंतजार किया। सुबह करीब 3 बजे बदमाशों ने ड्यूटी पर तैनात सिक्योरिटी गार्ड माखन लाल (60) और हरगोविंद यादव (62) को तमंचा दिखाकर कब्जे में ले लिया। दोनों के हाथ-पैर रस्सी से बांध दिए और धमकी दी कि आवाज की तो गोली मार देंगे। इसके बाद पहली मंजिल पर पहुंचकर कटर से दुकान के ताले काटे और ग्राउंड फ्लोर और पहली मंजिल पर रखे गल्लों से करीब 2 लाख रुपए नकद निकाल लिए। गार्ड हरगोविंद यादव ने बताया- एक बदमाश बुर्कानुमा कपड़े पहने था, जबकि दूसरे ने पीली शर्ट, काली पैंट पहन रखी थी और चेहरा कपड़े से ढका हुआ था। वारदात के बाद दोनों मुख्य गेट खोलने की कोशिश करने लगे। गेट नहीं खुला तो एक गार्ड के हाथ खोलकर उससे गेट खुलवाया और बाइक से फरार हो गए। संचालक विजय बरसैया के मुताबिक दुकान में 16 सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। बदमाशों ने कुछ कैमरों का एंगल ऊपर कर दिया, कुछ के तार काट दिए और जिन कैमरों को बंद नहीं कर सके, उन पर कागज लपेट दिया। इसके बावजूद कई कैमरों में उनकी गतिविधियां रिकॉर्ड हो गईं। दवा बाजार में 20 से ज्यादा थोक मेडिकल स्टोर हैं, लेकिन बदमाशों ने केवल महेश मेडिकल एजेंसी को ही निशाना बनाया।

इससे आशंका जताई जा रही है कि उन्हें दुकान और वहां रखी नकदी की जानकारी पहले से थी। पुलिस इस पहलू की भी जांच कर रही है। नवाबाद थाना प्रभारी रवि श्रीवास्तव ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। घटनास्थल का निरीक्षण किया गया है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही दोनों बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# रानी लक्ष्मीबाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय में 10 जुलाई से शुरू होगा मशरूम सर्टिफिकेट कोर्स का पाँचवाँ बैच

## 6 जुलाई को होगा पंजीकरण, विशेषज्ञों से मिलेगा वैज्ञानिक प्रशिक्षण; मशरूम उत्पादन को बताया किसानों की आय बढ़ाने का स्मार्ट मॉडल

( यंग भारत न्यूज )



**झाँसी।** रानी लक्ष्मीबाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, झाँसी द्वारा मशरूम उत्पादन को बढ़ावा देने एवं किसानों, युवाओं, महिलाओं तथा इच्छुक उद्यमियों को स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से मशरूम सर्टिफिकेट कोर्स का पाँचवाँ बैच 10 जुलाई 2026 से प्रारंभ किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी 6 जुलाई 2026 को विश्वविद्यालय परिसर में उपस्थित होकर अपना पंजीकरण करा सकते हैं।

विश्वविद्यालय के विशेषज्ञों के अनुसार वर्तमान समय में मशरूम उत्पादन किसानों की आय बढ़ाने का एक प्रभावी एवं लाभकारी कृषि-उद्यम बनकर उभरा है। कम भूमि, सीमित पानी और कम लागत में शुरू होने वाला यह व्यवसाय विशेष रूप से बुंदेलखंड जैसे क्षेत्रों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रहा है। कृषि अपशिष्टों के उपयोग से होने वाला मशरूम उत्पादन पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ ग्रामीण युवाओं और महिलाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित कर रहा है। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को मशरूम उत्पादन की संपूर्ण वैज्ञानिक तकनीक का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसमें शुद्ध कल्चर एवं स्पॉन उत्पादन, सब्सट्रेट की तैयारी, बैग भरने की तकनीक, तापमान एवं आर्द्रता प्रबंधन, रोग एवं संक्रमण नियंत्रण, फसल की कटाई, प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन तथा विपणन की आधुनिक जानकारी प्रदान की जाएगी। साथ ही प्रतिभागियों को सफल उद्यम स्थापित करने के लिए आवश्यक व्यावसायिक मार्गदर्शन भी दिया जाएगा। कुलपति डॉ. अशोक कुमार सिंह ने कहा कि बदलते कृषि परिदृश्य में किसानों को पारंपरिक खेती के साथ आय बढ़ाने वाले वैकल्पिक कृषि उद्यम अपनाने की आवश्यकता है। मशरूम उत्पादन कम संसाधनों में अधिक लाभ देने वाला मॉडल है, जो ग्रामीण युवाओं के लिए स्वरोजगार का प्रभावी माध्यम बन सकता है। शिक्षा निदेशक डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि केवल सैद्धांतिक जानकारी पर्याप्त नहीं है, बल्कि कौशल आधारित प्रशिक्षण ही सफलता की कुंजी है। विश्वविद्यालय का यह सर्टिफिकेट कोर्स प्रतिभागियों को वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक दोनों प्रकार का प्रशिक्षण प्रदान करेगा, इससे वे सफल मशरूम उद्यमी बन सकें। मशरूम वैज्ञानिक डॉ. शुभा त्रिवेदी ने बताया कि मशरूम उत्पादन में गुणवत्ता युक्त स्पॉन, स्वच्छता, नियंत्रित तापमान तथा उचित आर्द्रता का विशेष महत्व होता है। यदि वैज्ञानिक तकनीकों का पालन किया जाए तो कम निवेश में अच्छा उत्पादन एवं बेहतर लाभ प्राप्त किया जा सकता है। विश्वविद्यालय द्वारा प्रशिक्षित किसानों की सफलता इस प्रशिक्षण की उपयोगिता को प्रमाणित करती है। ग्राम नगरा के किसान नीरज श्रीवास, निखिल चक्रवर्ती तथा भान सिंह कुशवाहा जैसे अनेक किसानों ने मशरूम उत्पादन अपनाकर अपनी आय में उल्लेखनीय वृद्धि की है और आज वे अन्य किसानों के लिए प्रेरणा बने हुए हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन ने किसानों, ग्रामीण युवाओं, महिलाओं, विद्यार्थियों एवं स्वरोजगार के इच्छुक अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे 6 जुलाई 2026 को विश्वविद्यालय पहुँचकर अपना पंजीकरण कराएं तथा 10 जुलाई 2026 से प्रारंभ होने वाले मशरूम सर्टिफिकेट कोर्स का लाभ उठाकर आधुनिक कृषि उद्यमिता की दिशा में कदम बढ़ाएं।

# नेपाल सिंह हत्याकांड का लहचूरा थाना पुलिस ने किया खुलासा, संपत्ति को लेकर मामा ने भांजे का अपहरण कर दी थी हत्या

**झांसी।** एसएसपी बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में अपराध की रोकथाम ओर अपराधियों के खिलाफ कार्यवाही के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत लहचूरा थाना पुलिस ने दो हत्यारोपियों को गिरफ्तार कर नेपाल सिंह हत्याकांड का खुलासा कर दिया है। हत्या का कारण संपत्ति हड़पने के उद्देश्य से बताया गया है।

जानकारी के मुताबिक चार दिन पूर्व मध्यप्रदेश के अलीपुरा में आग से जला शव बरामद हुआ था। जिसकी पहचान महोबा के दीदवारा निवासी चंदन सिंह के पुत्र नेपाल सिंह के रूप में हुई थी। इधर घर से लापता होने पर परिजनों ने लहचूरा थाना पुलिस में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। लहचूरा थाना पुलिस को मध्यप्रदेश के जिला टीकमगढ़ अलीपुरा में एक युवक के जले हुए शव को बरामद होने की सूचना मिली। पुलिस ने परिजनों के साथ जानकारी की तो शव नेपाल सिंह का निकला। परिजनों की तहरीर पर लहचूरा थाना पुलिस ने नेपाल के गुमशुदा होने के प्रकरण में अपहरण कर हत्या करने की धाराओं की बढ़ोत्तरी कर विवेचना शुरू कर दी। तमाम साक्ष्य मोबाइल सीडीआर, लोकेशन के आधार पर पुलिस ने लहचूरा के धमना पायक निवासी प्रीतम सिंह, तथा टोडी फतेहपुर के ग्राम मवई निवासी गोलू उर्फ राजा सिंह को हिरासत में लेकर गहराई से पूछताछ की। जिस पर आरोपी ने बताया कि नेपाल सिंह उसका भांजा है, ओर वह मेरी बहन के घर लहचूरा में ही रहता था। कही वह संपत्ति न हड़प कर ले इसलिए योजना बनाकर 29 जून को नेपाल सिंह को चार पहिया गाड़ी से उसे अपने साथ ले गए रस्ते में उसकी मारपीट कर हत्या कर दी थी। घटना को छिपाने के लिए अलीपुरा में उसकी लाश फेंककर आग से जला दी थी। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उन्हें जेल भेज दिया है।

# जेलर के घर चोरी करके बॉयफ्रेंड को गिफ्ट दिया मोबाइल

**झांसी।** जनपद में जेलर के घर काम करने वाली युवती ने अपने प्रेमी संग मिलकर करीब 6 लाख रुपए की चोरी कर ली। वो पिछले 3 महीने से कैश और ज्वेलरी चोरी कर रही थी। शक होने पर 2 जुलाई को जेलर की पत्नी ने दोपहर 2 बजे के करीब कामवाली पर केस दर्ज करा दिया। पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। शुक्रवार शाम 5 बजे पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कामवाली और उसके प्रेमी को पकड़कर पूछताछ की।

दोनों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। जिसके बाद से पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से चोरी के करीब 2.07 लाख रुपए कैश और लगभग दो लाख रुपए के गहने बरामद हुए हैं। पुलिस के अनुसार- महिला के पति की मौत हो चुकी है। अब वह अपने बॉयफ्रेंड को खुश करने के लिए चोरी कर रही थी। उसने चोरी के पैसों से 20 हजार का मोबाइल भी उसे गिफ्ट किया था। घटना नवाबाद थाना क्षेत्र की है। जेलर अंजनी कुमार गुप्ता वर्तमान में झांसी के जिला कारागार में कार्यरत है। लगभग एक साल से वह अपने परिवार के साथ कैंपस में स्थित सरकारी आवास में रह रहे हैं। जेलर की पत्नी उमा देवी ने पुलिस को बताया- लगभग 6 महीने पहले कानपुर देहात के भोगिनीपुर थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर निवासी मिथलेश नाम(40) की महिला को किचन और साफ-सफाई के लिए काम पर लगाया था। पिछले 3 महीने से पति के पर्स और मेरे बैग से लगातार पैसे गायब हो रहे थे। इस वजह से हम दोनों पति-पत्नी में विवाद होने लगा। 26 जून 2026 को मैं अपनी बहन के गृह-प्रवेश में शामिल होने के लिए मुंबई गई थी। एक जुलाई को लौटकर आई तो अलमारी से लाखों रुपए कैश और गहने गायब थे। आवास पर कोई नहीं आता था। मेरे जाने के बाद कामवाली मिथलेश, पति को खाना बनाने के लिए आती थी। मुझे उस पर शक हो गया था। मैंने 2 जून को कामवाली मिथलेश के खिलाफ केस दर्ज कराया था। चोरी के बाद पुलिस मिथलेश की तलाश में जुटी थी। 3 जून को शाम को मुखबिर की सूचना पर नवाबाद थाना प्रभारी रवि श्रीवास्तव, जेल चौकी प्रभारी मोहित कुमार ने पुलिस टीम के साथ उसकी घेराबंदी की।उसे प्रेमी अमित (38) के साथ खुशीपुरा इलाके से पकड़ लिया। अमित, उन्नाव गेट अंदर सराय मोहल्ले का रहने वाला है। उनसे पूछताछ करने पर उन्होंने अपना जुर्म भी कबूल कर लिया।पुलिस को उनके पास से चोरी के 2.07 लाख रुपए, सोने के लॉकेट, एक जोड़ी लौंग, नाक की कील, चांदी की कटोरी, प्लेट, दो चम्मच, कमरबंद, बिछिया और एक मोबाइल बरामद किए हैं। थाना प्रभारी नवाबाद रवि श्रीवास्तव के अनुसार, मिथलेश के पति सुभाष की मौत हो चुकी है। अब वह नवाबाद थाना क्षेत्र के खुशीपुरा में परिवार के साथ रह रही थी। आरोपी अमित, मिथलेश के पति का दोस्त है। इसलिए दोनों की जान पहचान हो गई।

# बामौर रेंज में वन महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत किया बृक्षारोपण

( यंग भारत न्यूज )



**बामौर।** बामौर रेंज गरौठा के अन्तर्गत वन महोत्सव सप्ताह 2026 के उपलक्ष्य में जगदम्बा पाठक, क्षेत्रीय वनाधिकारी बामौर रेंज के निर्देशन में डुडी वन ब्लॉक रोपावनी 2026 क्षेत्रफल 22 हैक्टेयर में चंद्रभान सिंह ब्लॉक प्रमुख बामौर द्वारा हरिशंकरी व बेल, कदंब, पीपल, पाकड़, नीम आदि के पौधों का रोपण कर वन महोत्सव मनाया गया। इस मौके पर हेमन्त कुमार उप क्षेत्रीय वनाधिकारी, गजेंद्र सिंह वन दरोगा, रामकुमार वन दरोगा, प्रीतम सिंह वन दरोगा, रोहित कुमार वन रक्षक व बामौर रेंज का समस्त स्टाफ तथा ग्राम के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

मालिक.मुद्रक, प्रकाशक, संपादक संजय श्रीवास्तव द्वारा सेलेक्ट ऑफसेट पता 17, सरकपुर सरैया, छठामील, बी०के०टी० लखनऊ उ0प्र0.226201, लखनऊ से मुद्रित एवं 20 कृष्णा नगर उरई जालौन से प्रकाशित प्रधान संपादक संजय श्रीवास्तव फोन न. +919415055318
(पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिमेदार सभी विवादों का न्याय क्षेत्र उरई जालौन न्यायालय के अधीन होगा। निदेशक अनिल शर्मा, प्रबंध संपादक इं० शिवम श्रीवास्तव RNI NO UPHIN/2011/39718